हरिभूमि
# रायपुर भूमि

> लोगों के पैनिक होने से एजेंसियों में ग्राहकों की लग रही लंबी कतार
>
> स्थिति ऐसी कि जिन्हें दो माह में गैस सिलेंडर की जरूरत पड़ती है वे भी नंबर लगा रहे

## कमर्शियल सिलेंडर का स्टाक खत्म, घरेलू में पर्याप्त संख्या में उपलब्धता का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

स्थानीय जिला प्रशासन तथा खाद्य विभाग के अधिकारियों के दावों के मुताबिक रायपुर जिला में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टाक है। स्टाक में कोई कमी नहीं है। अफसरों के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडर का स्टाक खत्म हो गया है। आवश्यक सेवा से जुड़े क्षेत्र के लिए ही एक निश्चित मात्रा में कमर्शियल ▶▶ शेष पेज 11 पर



### घंटों मशक्कत के बाद हो रही बुकिंग

गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग करने लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। घंटों प्रयास करने के बाद गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग हो रही है। डिलीवरी ऑटोमैटिक कोड नंबर जनरेट होने के साथ ही उपभोक्ता खाली गैस सिलेंडर लेकर एजेंसी पहुंच जा रहे हैं।

### एक सप्ताह से दस दिन में मिल रहा सिलेंडर

अलग-अलग गैस उपभोक्ताओं से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि सिलेंडर बुक कराने के बाद उन्हें एक सप्ताह से दस दिन में रसोई गैस मिल पा रही है। हालांकि खाद्य विभाग के साथ एजेंसी संचालक अपने उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद दो से तीन दिन में सिलेंडर देने का दावा कर रहे हैं।

### संयुक्त परिवार की बढ़ी परेशानी

रसोई गैस सिलेंडर को लेकर संयुक्त परिवार में रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। संयुक्त परिवार में घरेलू गैस सिलेंडर 15 से 20 दिन चलता है। गैस सिलेंडर आपूर्ति करने 25 दिन की दिशा निर्देश जारी होने के बाद संयुक्त परिवार में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### लोग सिलेंडर के साथ इंडक्शन उपयोग करने लगे

रसोई गैस की मारामारी के कारण लोग अपने घरों में रसोई गैस के साथ इंडक्शन चूल्हा का उपयोग करने लगे हैं। लोग पानी गर्म करने के साथ चाय बानाने तथा दाल चावल पकाने इंडक्शन चूल्हा का उपयोग कर रहे हैं।

प्रदेश में एलपीजी-पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक

## शासन का संदेश- अफवाह दुष्प्रचार से सतर्क रहें लोग

प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल को लेकर फैल रही अफवाह एवं दुष्प्रचार को देखते हुए राज्य सरकार ने शुक्रवार को आम लोगों के लिए एक संदेश जारी किया है। इस संदेश में कहा है कि प्रदेश में घरेलू एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाह या दुष्प्रचार से सतर्क रहें। इस संदेश में यह भी कहा गया है कि एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता और वितरण की लगातार निगरानी की जा रही है। इसे लेकर मुख्य सचिव विकासशील ने 12 मार्च को खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले तथा ऑयल कंपनियों ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जमाखोरी मामले में 102 स्थानों से 741 गैस सिलेंडर जब्त

प्रदेश में घरेलू एलपीजी की जमाखोरी को रोकने के लिए खाद्य विभाग एवं जिला प्रशासन की टीम द्वारा लगातार संदिग्ध स्थानों की आकस्मिक जांच की जा रही है। अब तक 102 स्थानों से 741 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए हैं। राज्य में सर्वाधिक 392 घरेलू एलपीजी सिलेंडर रायपुर जिले में जब्त हुए है। बिलासपुर जिले में भी 130 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए है।

### कॉल सेंटर नंबर पर कर सकते है शिकायत

घरेलू एलपीजी एवं पेट्रोल तथा डीजल के वितरण तथा आपूर्ति से संबंधी कोई भी शिकायत के लिए कोई भी व्यक्ति खाद्य विभाग के कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3663 एवं 1967 में दर्ज करा सकता है।

## खबर संक्षेप

### क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर ठगी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर 58 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भाठागांव ढेबर सिटी निवासी सोहन कुमार गुरुपरख ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सोहन कुमार ने पुलिस को बताया कि पिछले महीने एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर उसे कॉल किया तथा क्रेडिट कार्ड का वाउचर अपडेट करने का झांसा देकर एपीके फाइल भेजका मोबाइल हैक कर लिया, ठगी का शिकार बनाया।

### अकाउंट हैक कर बैंक अधिकारी से पौने दो लाख की ठगी

**रायपुर।** जालसाजों ने एक बैंक अधिकारी को ठगी का शिकार बनाकर उसका अकाउंट हैक कर पौने दो लाख रुपए की ठगी की है। डीडीनगर सेक्टर-2 निवासी आंजनेय बुधोलिया ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। आंजनेय ने पुलिस को बताया कि अज्ञात जालसाज ने उसके अमेजन अकाउंट को हैक कर क्रेडिट कार्ड से ठगी की है। आंजनेय नवा रायपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय में एचआर इंचार्ज के पद पर कार्यरत हैं। जालसाजों ने 16-17 फरवरी की मध्यरात्रि अकाउंट हैक कर ठगी की है।

### महिला को रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द किया



**रायपुर।** बस स्टैंड में चेकिंग के दौरान असहाय महिला को पुलिस की पिंक पेट्रोल यूनिट ने रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस ने मानसिक रूप से परेशान महिला से बातचीत एवं काउंसिलिंग कर उनके बारे में जानकारी जुटाकर परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस की टीम शुक्रवार को इंटरस्टेट बस टर्मिनल में पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान एक बेसुध महिला को देखा तथा उसे अपने साथ थाने लेकर पहुंची। जानकारी जुटाकर पुलिस ने महिला की मां तथा अन्य परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द किया।

बैंक मैनेजर ने 75 ट्रांजेक्शन कर अपनी पत्नी के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर की ठगी

## पौने तीन करोड़ की धोखाधड़ी, 1290 पेज का चालान पेश, एसबीआई मैनेजर मास्टर माइंड

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में 2.78 करोड़ रुपए गबन के मामले में एसीबी और ईओडब्लू ने तत्कालीन बैंक मैनेजर विजय कुमार अहके के खिलाफ शुक्रवार को एसीबी, ईओडब्लू विशेष न्यायधीश की कोर्ट में 1290 पेज का चालान पेश किया है। गबन की घटना वर्ष 2024-25 की है। बैंक मैनेजर ने शातिराना तरीके से बैंक की राशि को अपनी पत्नी के अकाउंट में ट्रांसफर कर नेट बैंकिंग के माध्यम से अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर राशि गबन किया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जांच एजेंसियों के अनुसार बैरनबाजार स्थित स्पेशलाइज्ड करेंसी एडमिनिस्ट्रेशन ब्रांच (एससीएबी) के मैनेजर ने साजिश कर बैंक की राशि गबन की थी। बैंक मैनेजर ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अगस्त 2024 से जून 2025 के बीच बैंक के आंतरिक सिस्टम में हेरफेर कर सरकारी धन का गबन किया। बताया गया कि बैंक मैनेजर ने कंप्यूटर सिस्टम के जरिए कूटरचित क्यू तैयार कर बैंक के ब्रांच जनरल लेजर खाते से रकम निकालने की प्रक्रिया शुरू की। यह वही खाता होता है, जिसमें सरकारी और बड़ी वित्तीय प्रविष्टियां दर्ज होती हैं। जांच में सामने आया कि मैनेजर ने बैंक की निगरानी प्रणाली से बचने के लिए सुनियोजित तरीका अपनाया। उसने हर ट्रांजेक्शन की राशि पांच लाख रुपए से कम रखी, ताकि बैंक के हाई वैल्यू ट्रांसफर अलर्ट सिस्टम में यह लेनदेन संदिग्ध न दिखाई दे। इसके साथ ही वह हर 30 दिन के भीतर खाते की पुरानी प्रविष्टियों को रोलओवर कर नई प्रविष्टि में बदल देता था, जिससे शाखा के नियंत्रक अधिकारियों को वास्तविक वित्तीय स्थिति का पता नहीं चल पाता था।





### कई ट्रांजेक्शन कर किया राशि गबन

*जांच में सामने आया है कि तत्कालीन बैंक मैनेजर ने कुल 75 अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से गबन की पूरी रकम अपनी पत्नी के बैंक खाते में ट्रांसफर की। पत्नी के खाते में मोबाइल नंबर बैंक मैनेजर के मोबाइल से लिंक था, जिसके कारण सभी ओटीपी सीधे मैनेजर को प्राप्त होता था। इसके बाद वह नेट बैंकिंग के जरिए रकम को अपने निजी खाते में ट्रांसफर कर देता था।*

### गबन की राशि शेयर बाजार में निवेश

आरोप पत्र के अनुसार आरोपी बैंक मैनेजर ने गबन की राशि को क्रिप्टोकरेंसी, कमोडिटी और आप्शन ट्रेडिंग में निवेश किया। इसके लिए उसने आनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफार्म का उपयोग किया, जिससे रकम को तेजी से अलग-अलग निवेश माध्यमों में लगाया जा सके। इस पूरे फर्जीवाड़े के कारण एसबीआई की एससीएबी शाखा को आर्थिक क्षति हुई। मामले की जांच के दौरान अधिकारियों ने बैंक के मुख्य सर्वर से प्राप्त लेनदेन का डेटा, डिजिटल लाग, बैंक स्टेटमेंट, जब्त दस्तावेज और गवाहों के बयान जुटाए। इसके बाद राज्य सरकार के आदेश पर पूरे मामले की जांच एसीबी, ईओडब्लू को सौंपी गई।

## होटल में संदिग्ध हालत में मिली उज्बेकी युवतियों पर अपराध दर्ज

- मुखबिर की सूचना पर तेलीबांधा पुलिस ने तीन माह पूर्व हिरासत में लिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित होटल एरिना बुटिक में तीन माह पूर्व हिरासत में ली गई दो उज्बेकिस्तान की युवतियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जांच के दौरान दोनों युवतियां पुलिस को पासपोर्ट, वीजा संबंधित दस्तावेज नहीं दे पाईं। इसके बाद पुलिस ने दोनों युवतियों को सेंट्रल जेल परिसर में बने डिटेंशन सेंटर में रखा था। जांच पूरी होने के बाद अब पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों युवती को नौ जनवरी को हिरासत में लिया था। युवतियों पर संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगा था। पुलिस की जांच के दौरान युवतियां ▶▶ शेष पेज 11 पर

### इमिग्रेशन एंड फॉरेन एक्ट 2025 के तहत कार्रवाई

दोनों युवतियां पुलिस के समक्ष 10 मार्च तक भारत में रहने या यात्रा करने का कोई भी वैध प्रमाण पेश नहीं कर पाईं। इसके बाद पुलिस ने उनके खिलाफ इमिग्रेशन एंड फॉरेन एक्ट 2025 की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस अब दूतावास के जरिए इन्हें वापस इनके देश भेजने की तैयारी कर रही है। तेलीबांधा टीआई के अनुसार दोनों युवती के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके दूतावास से संपर्क किया गया है। दूतावास की मदद से युवतियों को डिपोर्ट किया जाएगा।

## मेकाहारा में तैयार होंगे हृदय विशेषज्ञ, डीएम कार्डियोलॉजी की 2 सीट को मिली मंजूरी

### मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड ने रिपोर्ट परीक्षण के बाद दी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

अब शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में हृदय विशेषज्ञ तैयार होंगे। यहां संचालित कार्डियोलॉजी विभाग को डीएम कार्डियोलॉजी की 2 सीटों को मंजूरी दी गई है। डीएम की सीट मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण कदम बताया। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को डीएम-कार्डियोलॉजी (सुपर स्पेशियलिटी) की दो स्नातकोत्तर सीटों को अनुमति प्रदान की है। यह अनुमति पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति हेल्थ साइंसेज एवं आयुष विश्वविद्यालय के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर दी गई है। एनएमसी के मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड ने विशेषज्ञों के समूह और समीक्षा समिति के साथ कॉलेज द्वारा प्रस्तुत स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट (एसएएफ) तथा मूल्यांकनकर्ताओं की रिपोर्ट का परीक्षण किया। समीक्षा के बाद एनएमसी अधिनियम 2019 के प्रावधानों, 2 जून 2023 को जारी स्टैब्लिशमेंट असेसमेंट एंड रेटिंग रेगुलेशन- 2023 तथा 23 अगस्त 2024 को अपलोड किए गए नियम न्यूनतम मानकों के आधार पर शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए डीएम-कार्डियोलॉजी में दो सीटों को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया।



### शोध को बढ़ावा

पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय को डीएम-कार्डियोलॉजी जैसे सुपर स्पेशियलिटी कोर्स की दो सीटों की स्वीकृति मिलने से प्रदेश में हृदय रोग विशेषज्ञों की संख्या बढ़ाने और उन्नत हृदय उपचार सुविधाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इससे प्रदेश के मरीजों को बेहतर और विशेषज्ञ हृदय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी, साथ ही सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा शिक्षा और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन, चिकित्सकों और समस्त स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति राज्य में उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा और सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा का विस्तार करते हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ाना और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस उपलब्धि से न केवल मेडिकल शिक्षा को मजबूती मिलेगी, बल्कि प्रदेश में हृदय रोग के उपचार के लिए आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं भी और सशक्त होंगी।







## पीसीसी के संयुक्त महामंत्री विनोद को दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- 3 फरवरी को राजनीतिक पोस्ट करने पर पुलिसिया कार्यवाही

प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव विनोद तिवारी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। श्री तिवारी पारिवारिक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए परिजनों के साथ उत्तरप्रदेश के जिला कौशांबी गए हुए थे। पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान ही उन्हें हिरासत में लिया गया। वहीं बताया गया कि 3 फरवरी को उन्होंने एक राजनीतिक पोस्ट फेसबुक पर की थी। उसकी शिकायत दिल्ली में की। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। ▶▶ शेष पेज 11 पर



### रायपुर से समर्थक-वकील दिल्ली पहुंचेंगे

इधर, गिरफ्तारी की खबर लगते ही पीसीसी ने इस पर विरोध जताया है। साथ ही कानूनी मदद के लिए श्री तिवारी के समर्थक वकीलों के साथ दिल्ली रवाना हो गए हैं। समर्थकों ने गिरफ्तारी को राजनीतिक द्वेष के तहत किया जाना बताया।




## कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू
### 150 नए विषय भी विकसित किए गए

कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की गई है। इसके तहत बहुविषयक शिक्षा, मल्टी एंट्री-मल्टी एग्जिट प्रणाली और कौशल आधारित पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया गया है। 42 स्किल एन्हांसमेंट कोर्स और 108 जनरिक इलेक्टिव व एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स विकसित किए गए हैं। राज्य में शिक्षा सामाजिक, आर्थिक और बौद्धिक विकास की आधारशिला होती है इसके लिए 25 महाविद्यालयों के नए भवन भी बनाए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में 1306 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान मांगें पारित कर दी गईं। शासकीय महाविद्यालयों में सुविधाओं की कमी, शिक्षकों का अभाव और आवश्यकता के मुताबिक इनकी संख्या बढ़ाने पक्ष और विपक्षी विधायकों के सुझाव और मांग पर चर्चा करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराना है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत कुल 37 योजनाएं संचालित की जा रही हैं। वंचित क्षेत्रों के लिए वित्तीय संसाधनों में भी वृद्धि की गई है। वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों के लिए 230.36 करोड़ रुपये का प्रावधान था, जिसे बढ़ाकर 2026-27 में 249.61 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसी प्रकार अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों के लिए 103.10 करोड़ रुपये के प्रावधान को बढ़ाकर 120.23 करोड़ रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य के तहत सरकार ने ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) को विकास का प्रमुख स्तंभ बनाया है। वर्ष 2024-25 में राज्य में महाविद्यालयों की संख्या 335 थी, जो 2025-26 में बढ़कर 343 हो गई है। इसी वर्ष 8 नए स्नातक महाविद्यालय स्थापित किए गए हैं, जिनमें संगीत, विधि और शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय भी शामिल हैं। मंत्री वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश के 25 महाविद्यालयों के लिए नए भवन निर्माण हेतु 2500 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।



- उच्च शिक्षा विभाग की 1306 करोड़ से अधिक की अनुदान मांगें पारित

### नैक मूल्यांकन पर जोर

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। अब तक 200 शासकीय महाविद्यालयों और 5 राज्य विश्वविद्यालयों का नैक द्वारा सफलतापूर्वक मूल्यांकन कराया जा चुका है। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत 12 शासकीय महाविद्यालयों को प्रति महाविद्यालय 5 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। बस्तर स्थित शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय को योजना के तहत 100 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है।

# अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान अफसर गायब, विपक्ष ने किया बहिगर्मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान अफसरों की गैर मौजूदगी पर विपक्ष जमकर भड़का। विभागीय सचिव और डायरेक्टर के सदन में उपस्थित नहीं होने पर विपक्ष ने नाराजगी जताई। अनुदान मांगों पर चर्चा का बहिगर्मन कर दिया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंत्री टंकराम वर्मा के विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा हो रही थी। विपक्ष की ओर से चर्चा की शुरुआत की गई, लेकिन सदन में विभागीय सचिवों की गैरमौजूदगी पर विपक्ष भड़क उठा। अफसरों की मनमानी और अफसरशाही का आरोप लगाया। हालांकि तब सदन में संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप और विभागीय मंत्री टंकराम वर्मा सदन में मौजूद थे। अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान भी विपक्ष ने सदन की कार्यवाही रोककर अफसरों को बुलाने की मांग की। आसंदी के आग्रह को अस्वीकार किए जाने पर विपक्ष ने सदन से बहिगर्मन कर दिया। विपक्ष के विधायकों ने सरकार पर अफसरशाही हावी होने का आरोप लगाया। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक उमेश पटेल ने कहा, सरकार की जनता के प्रति और अफसरों की सरकार के प्रति जवाबदेही खत्म हो गई है, इसकी बानगी सदन में देखने मिल रही है।

### संसदीय कार्यमंत्री ने कहा- चर्चा के लिए विपक्ष के पास मुद्दे नहीं





**विपक्ष चर्चा से भाग रहा : कश्यप**

दूसरी ओर सत्ता पक्ष में विपक्ष पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया। संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने कहा, विपक्ष की पास सदन में चर्चा के लिए मुद्दे नहीं है, इसलिए बार-बार बहाने बनाकर विपक्ष चर्चा से भाग रहा है।

### राजस्व में डिजिटल सेवाओं का विस्तार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, सरल और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में 3,502 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है, ताकि नागरिकों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें। राजस्व मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण, डिजिटल सेवाओं के विस्तार और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। डिजिटल ऋण पुस्तिका, भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण, ऑटो डायवर्जन तथा लोक सेवा गारंटी जैसी व्यवस्थाओं से राजस्व सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी सरकार पूरी तरह सजग है। बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता देने के लिए राहत और पुनर्वास व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक और पूर्व चेतावनी प्रणाली के माध्यम से आपदाओं के प्रभाव को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# 22 हजार करोड़ से बदलेगी शिक्षा की तस्वीर स्कूली शिक्षा का होगा डिजिटलाइजेशन

### व्यवस्था मजबूत करने 5 हजार शिक्षकों की भर्ती, छात्रों के भविष्य के लिए नई योजना

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि वर्ष 2026-27 के बजट में लिए स्कूल शिक्षा विभाग के लिए किए गए 22 हजार 466 करोड़ रुपये के प्रावधान से राज्य में शिक्षा की तस्वीर बदलेगी। स्कूल शिक्षा का डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। इसमें शिक्षकों की सुविधा के साथ बच्चों की पढ़ाई के लिए भी डिजिटल सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए 5 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी और स्कूलों में ग्रीन स्कूल, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, आधुनिक प्रयोगशालाएं, खेल सुविधाएं और कैरियर काउंसिलिंग जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। बजट अनुमोदन के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से राज्य के हर बच्चे को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इसी लक्ष्य के तहत केंद्र सरकार की पीएम श्री योजना के अंतर्गत स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने 250 करोड़ का प्रावधान किया गया है। शिक्षकों को उच्च शिक्षण संस्थानों के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और विद्यार्थियों की प्रगति का आंकलन होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार 150 स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय स्थापित करेगी। बस्तर संभाग के दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के विस्तार के लिए सरकार ने एजुकेशन सिटी स्थापित करने की योजना बनाई है। 500 प्राथमिक स्कूल, 100 पूर्व माध्यमिक स्कूल, 50 हाई स्कूल और 50 हायर सेकेंडरी स्कूलों के नए भवन बनाए जाएंगे तथा पुराने भवनों का रखरखाव किया जाएगा। विद्यार्थियों की डिजिटल मार्कशीट और ट्रांसफर सर्टिफिकेट ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है, जिसमें क्यूआर कोड और यूनिक आईडी के जरिए दस्तावेजों का डिजिटल सत्यापन किया जा सकेगा। इसके अलावा पीएम ई-विद्या कार्यक्रम के तहत डीटीएच चैनलों के माध्यम से कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को विषयवार ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा दी जा रही है। भविष्य में दो-तरफा संवाद के लिए मोबाइल एप विकसित करने की भी योजना है।



### साइकिल, ड्रेस और किताबों की कमी पर शिक्षा मंत्री घेरा

बजट अनुमोदन पर चर्चा के दौरान विपक्ष के साथ पक्ष के विधायकों ने भी स्कूल शिक्षा मंत्री को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरस्वती योजना के तहत छात्राओं को दी जाने वाली साइकिल की क्वालिटी बेहद घटिया है। इसके अलावा उन्हें दिए जाने वाले गणवेश की क्वालिटी बेहद घटिया है। बच्चों को समय पर किताबों का वितरण नहीं होने की वजह से वे पढ़ाई में पिछड़ जाते हैं। इसके साथ शिक्षक जैसे सम्मानीय वर्ग को कुत्ता गिनने जैसी ड्यूटी पर लगा दिया जाता है। इस दौरान विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र से स्कूलों के अपग्रेडेशन के साथ नए भवन सहित अन्य तरह की मांग रखी।

## अलसी बीज वितरण में गड़बड़ी पर हंगामा कांग्रेस ने जांच और मुआवजे की मांग की

छत्तीसगढ़ विधानसभा में रायगढ़ जिले में अलसी बीज वितरण से जुड़ा भ्रष्टाचार का मामला उठा। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने सदन में बीज खरीद और वितरण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए और सरकार से जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विधानसभा में प्रश्नकाल में उमेश पटेल ने कहा, रायगढ़ जिले में किसानों को वितरित किए गए अलसी बीज की खरीद में नियमों का पालन नहीं किया गया। उनके अनुसार बीज निगम ने पारदर्शिता बरतने के बजाय अपने पसंदीदा ठेकेदार से बीज खरीदे, जिससे पूरे मामले में भ्रष्टाचार की आशंका पैदा होती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीजों की गुणवत्ता जांचने और ग्रेडिंग करने के लिए आवश्यक बुनियादी व्यवस्था तक उपलब्ध नहीं थी। यहां तक कि बीज की ग्रेडिंग के लिए जरूरी छन्नी जैसी साधारण व्यवस्था भी नहीं थी।

**मुआवजे और कार्रवाई की मांग :** कांग्रेस विधायक ने बताया कि सरकार द्वारा वितरित बीज से हुई खेती में लगभग 158 हेक्टेयर क्षेत्र का उत्पादन रिजेक्ट कर दिया गया, जिससे करीब 85 प्रतिशत किसानों का रकबा प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा, इससे किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। उमेश पटेल ने सरकार से सवाल किया कि क्या इस मामले में बीज निगम के प्रबंध निदेशक और बीज प्रमाणीकरण अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### मामले की जांच सक्षम अधिकारी से होगी : नेताम

मामले में जवाब देते हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि यदि किसी अधिकारी की लापरवाही या भूमिका सामने आती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पूरे मामले की जांच सक्षम अधिकारी से कराई जाएगी। जांच में जो भी अधिकारी या संबंधित व्यक्ति दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व विधायक मंगली बाई के निधन पर दी श्रद्धांजलि

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा की पूर्व सदस्य मंगली बाई रावटे के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। विधानसभा सभापति धरमलाल कौशिक ने उनके निधन का उल्लेख किया। सदन में उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद उनके सम्मान में सदन की कार्रवाई पांच मिनट के लिए स्थगित की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, स्व. मंगली बाई रावटे अत्यंत सरल, विनम्र और समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व की धनी थीं। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज के लोगों के सुख-दुःख में सदैव सहभागिता निभाते हुए सेवा और सहयोग की भावना से कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा, उनके व्यक्तित्व में मानवीय संवेदनाएं, सामाजिक प्रतिबद्धता और सेवा का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता था। उनके निधन से समाज ने एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व को खो दिया है, जिसकी कमी सदैव महसूस की जाएगी।मुख्यमंत्री ने सदन की ओर से दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## चिराग परियोजना समय से पहले बंद, जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करेंगे

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान गौवंशीय पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान की योजनाओं को लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने प्रदेश में गौवंशीय पशुओं की संख्या और सरकार की योजनाओं को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने चिराग योजना समय से पहले बंद किए जाने पर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। मंत्री रामविचार नेताम ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और वास्तविक दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। कृषि एवं पशुपालन मंत्री रामविचार नेताम ने जवाब में बताया कि प्रदेश में गौवंशीय पशुओं की संख्या लगभग 99.84 लाख है और कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को राष्ट्रीय औसत तक पहुंचाना है, जिसके लिए किसानों और पशुपालकों को अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से सहयोग दिया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि यह योजना आदिवासी क्षेत्रों के किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, लेकिन अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण इसे बंद करने का फैसला लिया गया।







**चिराग परियोजना असफल, जिम्मेदार कौन- अजय**

अजय चंद्राकर ने सवाल उठाते हुए पूछा कि परियोजना की असफलता के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है। मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, इस योजना के अंतर्गत कई पदों पर भर्ती होनी थी, लेकिन इसमें कई स्तरों पर कमियां देखी गईं। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और वास्तविक दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

**2025 में किया गया समर्पण :** वहीं चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूछा कि परियोजना का समर्पण कब किया गया था। मंत्री नेताम ने बताया कि योजना के लिए विश्व बैंक से ऋण लिया गया था, लेकिन उसका केवल एक प्रतिशत ही उपयोग हो पाया। अंततः 26 मार्च 2025 को परियोजना का औपचारिक रूप से समर्पण कर दिया गया।



## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस की बैठक 17 मार्च को

**सिलयारी।** 17 मार्च को आयोजित होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक चर्चा एवं तैयारी हेतु ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसींवा द्वारा बैठक आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम के ब्लॉक प्रभारी श्री दिनेश ठाकुर का आगमन 14 मार्च को प्रातः 10:00 बजे, धरसींवा रेस्ट हाउस में होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायकगण, पूर्व सांसदगण, पूर्व जिलाध्यक्षगण, पूर्व ब्लॉक अध्यक्षगण, जिला पंचायत सदस्यगण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षगण, जनपद सदस्यगण, पूर्व जनपद अध्यक्षगण उपस्थिति रहेंगे।

### नारा लिखकर दिया जल संरक्षण का संदेश

**आरंग।** शुक्रवार को स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन व ग्राम पंचायत रीवा के संयुक्त संयोजन में जल जागरूकता पर नारा लेखन कराया गया। जिसके तहत ग्राम के मुख्य गली मोहल्ले, जल स्त्रोतों के आसपास जल ही जीवन है, जल है तो कल है, जल अनमोल है,जल बचाओ, जीवन बचाओ, इत्यादि जागरूकता नारे लिखाया गया। ग्राम के सरपंच घसिया राम साहू ने बताया ग्राम रीवा वर्षों से जल संकट जूझ रहा हैं। बरसात निकलते ही यहां पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर लेता है। लोगों को आसपास के गांव से पानी लाकर गुजारा करना पड़ता है। इसलिए नारा लेखन के माध्यम से जल संरक्षण और जल जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। वहीं पीपला फाउंडेशन के संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया गत वर्ष यहां जल संरक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित किया गया था।जिसमें भूगर्भ के विशेषज्ञो को आमंत्रित कर यहां जल की उपलब्धता पर संगोष्ठी कराया था।जिसे लोगों ने काफी सराहा। इस बार भी फाउंडेशन ग्राम रीवा में जल समस्या को लेकर भूगर्भ वैज्ञानिकों से संपर्क कर पानी की उपलब्धता हेतु शोध अध्ययन कर रहे हैं।

### वीबीजी रामजी योजना की दी गई जानकारी

**आरंग।** ग्राम पंचायत रानीसागर में नाला सफाई व गहरीकरण कार्य के दौरान केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण (वीबीजी राम जी) की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।इस अवसर पर किसान मोर्चा अध्यक्ष डॉ. तोषण साहू ने कहा कि योजना का उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसरों को मजबूत करना है। ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को योजना के उद्देश्य, प्रावधान और लाभों से अवगत कराया जा रहा है। भाजपा मंडल के पूर्व मंडल मंत्री अशोक यादव ने बताया कि योजना के तहत अब ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का गारंटी रोजगार मिलेगा, जिससे अतिरिक्त 25 दिनों का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण बेरोजगारी को कम करना और मजदूरों की आय को स्थिर करना है। इसके तहत सड़क निर्माण, जल संरक्षण, तालाब खोदाई, खेत-खलिहान सुधार, पौधारोपण तथा पंचायत स्तर के अन्य सार्वजनिक कार्यों में स्थानीय श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

### गौ भागवत कथा में सुदामा चरित का किया रोचक वर्णन

**कूंरा।** ग्राम पंचायत कुकेरा (धरसीवां ) में 'गौ सम्मान आव्हान अभियान' के अंतर्गत आयोजित आठ दिवसीय 'श्रीमद् गौ भागवत कथा' का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हो रहा है। श्रीराम गौ सेवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित ।

# शिक्षक व सैकड़ों छात्रों ने विधानसभा का भ्रमण किया और कार्यवाही देखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसींवा

छत्तीसगढ़ विधानसभा का वर्तमान सत्र शुक्रवार को धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव और उत्साह का केंद्र बना रहा। विधायक अनुज शर्मा की विशेष पहल पर विधान सभा क्षेत्र के खरोरा स्थित शासकीय भरत देवांगन हाई स्कूल के 300 विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ-साथ धरसींवा व खरोरा के सक्रिय पत्रकार साथियों ने विधानसभा की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। यह अवसर न केवल शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था, बल्कि क्षेत्र के कलमकारों के लिए भी संसदीय रिपोर्टिंग और विधायी बारीकियों को करीब से समझने का एक सशक्त माध्यम बना। विधानसभा परिसर पहुंचे धरसींवा और खरोरा के पत्रकारों ने सदन की गरिमा और वहां होने वाली चर्चाओं को बारीकी से देखा। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका निभाने वाले इन पत्रकारों के लिए यह अनुभव काफी अहम रहा, क्योंकि उन्होंने सदन के भीतर जनहित के मुद्दों पर होने वाली बहस, प्रश्नकाल की कार्यवाही और सरकार की कार्यप्रणाली को लाइव महसूस किया। पत्रकारों की मौजूदगी ने इस भ्रमण को और भी गरिमामय बना दिया, क्योंकि वे भविष्य की पीढ़ी यानी विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में भी नजर आए। सदन की कार्यवाही देखने के बाद विधायक अनुज शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष भेंट सत्र का आयोजन किया गया।

## विधायक अनुज शर्मा के संग साझा किए अनुभव

### समस्याओं को सदन तक पहुँचाने में मीडिया की बड़ी भूमिका

मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने क्षेत्र के पत्रकारों और विद्यार्थियों की संयुक्त उपस्थिति पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक सजग लोकतंत्र तभी फलता-फूलता है जब उसकी जनता और पत्रकार जागरूक हों। उन्होंने विशेष रूप से खरोरा और धरसींवा के पत्रकारों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को सदन तक पहुँचाने में मीडिया की बड़ी भूमिका होती है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के युवा कल के अफ़सर , नेता और पत्रकार बनेंगे, इसलिए उन्हें यह समझना जरूरी है कि नियम और कानूनों का निर्माण किस प्रकार होता है।



### विद्यार्थियों में खुशी की लहर

इस भ्रमण कार्यक्रम ने हाई स्कूल के बच्चों के भीतर एक नया उत्साह भर दिया। शिक्षकों और पत्रकार साथियों ने इस सफल आयोजन के लिए विधायक अनुज शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं और स्थानीय पत्रकारों को राज्य के सर्वोच्च सदन तक लाना एक सराहनीय कदम है। इस दौरे से न केवल ज्ञानवर्धन हुआ, बल्कि लोकतंत्र के प्रति सभी की आस्था और भी मजबूत हुई। दिन भर की गहमागहमी और ज्ञानवर्धक चर्चाओं के बाद, यह दल एक नई ऊर्जा के साथ वापस लौटा।

## महिलाओं सहित सभी ने नमाज अता की और गुनाहों से बचने की प्रार्थना की

# रमजान पर अलविदा नमाज अता की और मांगी अमन-चैन की दुआ, आज शबे कद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा



शुक्रवार को रमजान महीने का आखिरी जुम्मा यानी अलविदा की नमाज अदा की गई । इस मौके पर शहर की दोनों मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोग नमाज पढ़ने पहुंचें। नेवरा में ऐतिहासिक जामा मस्जिद खास इंतजाम किए गए थे । मुस्लिम समाज के लिए अलविदा जुमा रमजान के सबसे अहम दिनों में से एक माना जाता है, इसलिए सुबह से ही लोगों में खास उत्साह देखा गया। मुस्लिम मोहल्ले में साफ सफाई के साथ नहा कर स्नान गुसल कर नए कपड़े पहन कर खुशबू इतर लगा कर दोपहर 12बजे जान से पहले मस्जिदों में पहुंच गए। शनिवार को शबे कद्र की 25 वी रात और 16 मार्च को 27 सी रात मनाई जाएगी इन रात में मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों सहित पूरे घरों में गुनाहों से तौबा करेंगे

तिल्दा नेवरा में रमजान के आखिरी जुमा अलविदा की नमाज शहर की दोनों मस्जिदों में अदा की गई। अकीदतमंदों ने देश की अमन चैन और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। महिलाओं सहित सभी ने नमाज अदा की और गुनाहों से बचने की प्रार्थना की। अलविदा की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मस्जिदों के पास सुरक्षा की दुष्टि से पुलिस फोर्स तैनात रही।

नेवरा स्थित मस्जिद में शुक्रवार को अलविदा की नमाज को लेकर दोपहर 12 बजे के बाद से ही मस्जिदों में मुस्लिम बंधुओं के लोगों का आना शुरु हो गया। दोपहर एक बजे मुस्लिम बंधुओं ने पूरे अकीदत के साथ अलविदा की नमाज अदा की।जामा मस्जिद में मौलाना अमिश रजा ने अलविदा की नमाज अदा कराई। इमाम अनिश रजा ने अपनी तकरीर में रमजान के बारे में बताया कि रमजान की आखिरी जुम्मा को अलविदा कहा जाता है।अलविदा का मतलब विदा होना है। उन्होंने कहा रमजान की सभी जुम्मा में सबसे महत्व अलविदा जुम्मा को दिया गया है जो ईमान वाले पहले मस्जिद पहुंचे उसे ज्यादा नेक मिलता है। रमजान माह की 21,23 ,25 ,27 ,29 की रातों को शबे ए कद्र की रात कहा जाता है। यह रात तमाम रातों से बेहतर रात माना गया है। इन रात में जो भी ईमान वाले रात में जाग कर इबादत करते हैं। नमाज पढ़ना कुरान पढ़ना, अल्लाह का जिक्र करना, दुआ मांगना, अल्लाह अपने खास फरिश्तों को भेजते हैं कि देखो मेरे इबादत में कौन-कौन बंदा अपने मगफिरत की दुआ मांगते हैं। उसे बंदे की सभी गुनाहों को माफ कर देते हैं अल्लाह उसे वक्त ईमान वाले बांधों की बहुत करीब होता है। उन्होंने कहा कि रोजा रखने के साथ पांच वक्त की नमाज अदा करना हर बुराई से परहेज रहना रमजान की पूरे माह इबादत में मशहूर रहना रोजगार तरावीह की नमाज अदा करना यह सभी फजीलत बयान किया।रजा साहब ने कहा कि रमजान रहमतों और बरकतों वाला महीना है। इस महीने में एक नेकी पर 70 गुना सबाब मिलता है। उन्होंने कहा कि रमजान में गलत कामों से तौबा करें। दीन के रास्ते पर चले और झूठ और फरेब से बचे। आज शबे कद्र 25 वी रात और 16 मार्च को 27 सी रात मनाई जाएगी इन रात में मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों सहित पूरे घरों में गुनाहों से तौबा करेंगे।

# गांजा विक्रेता गिरफ्तार, काम्बिंग गश्त के दौरान 9 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना आरंग पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को व्यापक कॉम्बिंग गश्त एवं अड्डेबाजी चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान देवारपारा आरंग क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा बेचने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्यवाही के दौरान आरोपी लालू देवार पिता हजामत देवार (34 वर्ष) निवासी देवारपारा आरंग को अवैध रूप से गांजा बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं 550 रुपये नगद बरामद किए गए। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

लंबित मामलों में कार्यवाही करते हुए 03 गिरफ्तारी वारंट और 01 स्थायी वारंट की तामिली भी की। वहीं यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 20 चालानी कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अड्डेबाजी कर रहे व्यक्तियों के विरुद्ध भी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस के तहत कुल 09 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई, जिनमें खूबचंद चंद्राकर (ग्राम बोडरा), चंदन देवांगन (रायपुर), डेमन साहू (मठपुरैना रायपुर), लुकेश कुमार साहू (बरछा), संतु देवांगन (शास्त्री नगर अकोली रोड आरंग), सूरज देवार (इंदिरा चौक आरंग), मदन कुमार साहू (महामाया पारा आरंग), हेमंत सोनकर (ब्लॉक कॉलोनी आरंग) तथा मयाराम चंद्राकर (शास्त्री नगर आरंग) शामिल हैं। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के उद्देश्य से इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।





# गंगरेल बांध से पानी छोड़ने के लिए इंजीनियर को पत्र



**तरपोंगी।** तेज गर्मी को देखते हुए गंगरेल बांध से भाटापारा शाखा नहर नाली, बंगोली जलाशय, घुघवा, मानपुर जलाशय, कुम्हारी जलाशय व रायपुर जिले के सभी जलाशय से नहर नाली में पानी छोड़ने के लिए किसान नेता व पूर्व जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा ने मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग को पत्र लिखकर मांग की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी से तालाब, नदी नाले का पानी तेजी से सूख रहे है। कई स्थानों पर तालाब व नालो का पानी सूख चुका है। जिससे पशुओं के लिए पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। विकासखंड तिल्दा, भाटापारा नहर में तत्काल जलाशय से पानी दिया जाए, अधिकांश जलाशयों में पानी उपलब्ध है। कई गांवों में भूजल स्तर नीचे चले जाने से किसानों के मोटर पंप बंद हो गए है। गंगरेल से तत्काल नहर नालियों में पानी छोड़ा जाए जिससे गांवो की भू जल स्तर में सुधार हो सके। क्षेत्र के जल उपभोक्ता समिति के अध्यक्ष, सरपंच, जनपद सदस्य व किसान संगठनों ने शीघ्र ही पानी छोड़ने की मांग की है।

# गैस की किल्लत पर लखौली में उलटा नजारा, बांटने के बाद बचे 25 सिलेंडर

**आरंग।** प्रदेश के कई शहरों व कस्बों में इन दिनों एलपीजी गैस रिफिल की किल्लत, कालाबाजारी और जमाखोरी की शिकायतों के बीच प्रशासन लगातार मॉनिटरिंग और कार्रवाई कर रहा है। कई स्थानों पर छापेमारी और सख्ती के चलते गैस वितरण व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। इसी बीच जनपद पंचायत आरंग क्षेत्र के ग्राम लखौली में शुक्रवार को एक अलग ही स्थिति देखने को मिली। यहां बस स्टैंड में इंडेन गैस कंपनी की ओर से भरे सिलेंडरों से लदा वाहन उपभोक्ताओं को वितरण के लिए पहुंचा था। स्थानीय व्यवस्था के अनुसार कंपनी की गाड़ी हर सप्ताह बस स्टैंड लखौली पहुंचती है और जिसे भी गैस की जरूरत होती है, वह उपभोक्ता वहां पहुंचकर अपना खाली सिलेंडर देकर भरा सिलेंडर ले जाता है। शुक्रवार को गैस आने की सूचना भी लोगों को पहले से थी। इसके बावजूद इस बार सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की संख्या अपेक्षा से काफी कम रही।परिणामस्वरूप वाहन में लाए गए 25 से अधिक भरे हुए सिलेंडर वापस ले जाने पड़े। प्रदेश में गैस किल्लत, कालाबाजारी की शिकायतों और प्रशासन की सख्त मॉनिटरिंग के बीच भरे सिलेंडरों का इस तरह वापस लौटना लोगों को कुछ विचित्र भी लग रहा है। क्षेत्र में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है कि जब पहले से गैस आने की जानकारी थी और कई जगहों पर गैस की कमी की खबरें हैं, तब भी उपभोक्ता कम क्यों पहुंचे।

पेज 9 के शेष...

### कमर्शियल सिलेंडर ...

गैस सिलेंडर रिजर्व कर रखा गया है। स्थिति को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है, कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं होने से रविवार, सोमवार होटल, रेस्टोरेंट का कारोबार ठप हो सकता है। कारोबार संचालित करने होटल, रेस्टोरेंट संचालकों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ेगी।

घरेलू रसोई गैस के पर्याप्त स्टाक के दावों के विपरीत गैस एजेंसी में एलपीजी सिलेंडर लेने वालों की लंबी कतारें लग रही हैं। जो पूर्व में ब्लैक में सिलेंडर लेकर काम चला रहे थे, स्थिति ऐसी हो गई है कि लोगों को अब ब्लैक में गैस सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है। बताया जा रहा है, जिन लोगों ने एक सप्ताह पूर्व गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई थी, ऐजेंसी उन्हें ही गैस सिलेंडर दे रही हैं।

### शासन का संदेश- ...

के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की है, जिसके बाद 13 मार्च को संचालक खाद्य विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग समिति गठित की गई है। केंद्रीय खाद्य सचिव ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये देश के सभी राज्यों के खाद्य सचिवों के साथ चर्चा के दौरान जानकारी दी कि देश में घरेलू एलपीजी एवं पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सचिव ने यह भी जानकारी दी कि सभी राज्यों के लिए 48240 किलोलीटर के अतिरिक्त केरोसिन का आबंटन जारी किये जाने, राष्ट्रीय स्तर के कंट्रोल के नियमित संपर्क में रहने तथा एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी और कालाबाजारी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। सचिव ने इस कांफ्रेंस में देश में 40 आवश्यक वस्तुओं के दैनिक बाजार भाव वर्तमान में स्थिर बने रहने की जानकारी दी।

**एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता**-वितरण पर निगरानी रखने राज्य स्तरीय नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग समिति गठित

**राज्य में 5 बॉटलिंग प्लांट संचालित**-प्रदेश में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन द्वारा 2, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा 2 एवं भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा 1 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट सहित कुल 5 बॉटलिंग प्लांट संचालित हैं, जिनमें घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा इनकी पूर्ण क्षमता अनुसार बॉटलिंग का कार्य किया जा रहा है। बाटलिंग प्लांट से समस्त जिलों के कुल 540 एलपीजी वितरकों को रिफिल सिलेंडर नियमित रूप से प्रदाय किया जा रहा है। राज्य में पेट्रोल एवं डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिन्हें 2465 पेट्रोल-डीजल पंप के माध्यम से उपभोक्ताओं को प्रदाय किया जा रहा है।

**25 दिन के बाद ही बुकिंग**-ऑयल कंपनियों द्वारा रिफिल सिलेंडर बुकिंग के लिए 25 दिन का समय निर्धारित किया है। उपभोक्ता अब 25 दिन के बाद ही सिलेंडर बुकिंग करा पाएंगे।

### होटल में संदिग्ध ...

पासपोर्ट, वीजा संबंधित दस्तावेज नहीं दे पाईं, इसके बाद पुलिस ने दोनों को डिटेंशन सेंटर में रखा था। पुलिस की पूछताछ में दोनों युवतियां तीन महीने तक अपने से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी नहीं दे पाईं, इसलिए पुलिस ने शुक्रवार को दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पीसीसी के संयुक्त ...

पुलिस उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर दिल्ली ले गई है। सूत्रों के अनुसार मोहम्मद अब्दुल्ला की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने श्री तिवारी को गिरफ्तार किया है। अब्दुल्ला ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि विनोद तिवारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वीडियो प्रसारित कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 336(4), 356 और 353(1) के तहत अपराध दर्ज किया।

### :: आम सूचना ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम आदमी को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री नीलू राम साहू पिता श्री परदेशी राम साहू, निवासी- ग्राम-पलौद, साहू पारा, पलौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर, छ.ग. के हक, अधिपत्य व स्वामित्व की कृषि भूमि, जो कि वाके मौजा ग्राम पलौद, प.ह.न.: 00021, रा.नि.मं. पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर, छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 235, रकबा 0.2000 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना की राशि प्रदान कर करार नामा निष्पादित किया जा चुका है, व बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध मे कोई भी व्यक्ति, कोई परिवारिक सदस्य, किसी संस्था (शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय निकाय) फर्म, समूह, कंपनी, ट्रस्ट या अन्य किसी को विक्रय करने के संबंध मे कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिनों के अंदर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें । समयावधि पश्चात की गयी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन की कार्यवाही करा लिया जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी । सो सूचना जानें।

दिनांक 13/03/2026 नीलेश कुमार देवांगन, (अधिवक्ता)
एन. के. देवांगन एण्ड कं., पंचपथ पारा चौक, भोई पारा के पास, वार्ड- ब्राम्हण पारा, रायपुर, छ.ग. मो. 9300302418










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सोशल ऑडिट ने खोली गबन- अनियमितता के 18 हजार से अधिक मामलों की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मनरेगा (अब वीबीजीरामजी) के तहत राज्यभर में चल रहे कामकाज के दौरान सोशल आडिट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। प्रदेश में सोशल आडिट की वजह से वित्तीय गबन, वित्तीय अनियमितता, प्रक्रियाओं के उल्लंघन और शिकायत संबंधी 18 हजार 664 मामले सामने आ गए। इन सभी मामलों में 136 करोड़ रुपयों का गड़बड़झाला है। खास बात ये है कि गबन करने वालों से वसूली का प्रावधान भी है, लेकिन यह रिकवरी मात्र 20 लाख रुपयों के आसपास हो पाई है।

**क्या है सोशल आडिट :** छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई द्वारा राज्य में विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का सोशल ऑडिट किया जाता है। सामाजिक अंकेक्षण इकाई द्वारा विकासखण्डवार ग्राम पंचायतों के लिए सामाजिक अंकेक्षण वार्षिक कैलेण्डर तैयार किया जाता हैं। इसके बाद जिला कार्यक्रम समन्वयक सह कलेक्टर द्वारा सामाजिक अंकेक्षण दल को सामाजिक अंकेक्षण कार्य हेतु मनरेगा योजना के संपादित कार्य से संबंधित दस्तावेज याअभिलेख प्रदाय करने के लिए क्रियान्वयन एजेंसी को आदेश जारी किया जाता है। पत्राचार के 07 दिवस के भीतर क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा प्रदाय किए जाने का प्रावधान है। यह काम समुदाय के जॉबकार्ड धारी मजदूर परिवारों के बारहवीं उत्तीर्ण कर चुके युवाओं एवं स्वयं सहायता समूहों के महिलाओं को चयनित कर सामाजिक अंकेक्षण के लिए 4 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाता है एवं जो उक्त योजना में पहले से प्रशिक्षित ग्रामीण सामाजिक अंकेक्षकों को मोबिलाईज करके सामाजिक अंकेक्षण कार्य में जोड़ा जाता है।

## मनरेगा जो अब बन गया है वीबीजीरामजी, कुल मिलाकर 136 करोड़ की गड़बड़ी



### घपले-घोटालों पर एक नजर

महात्मा गांधी नरेगा का सामाजिक अंकेक्षण यानी सोशल ऑडिट की 2025-26 की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के सभी 33 जिलों की 11 हजार 713 ग्राम पंचायतों में से 7 हजार 653 में सोशल आडिट किया गया। इन पंचायतों में वित्तीय गबन के 4 हजार 389 प्रकरण बनाए गए। इन प्रकरणों में 12 करोड़ 95 लाख रुपयों से अधिक की राशि शामिल है। इसी तरह वित्तीय अनियमितताओं की बात करें तो इस तरह के 2 हजार 989 प्रकरण बनाए गए। इनमें 108 करोड़ 83 लाख से अधिक राशि का गोलमाल हुआ। इसी क्रम में प्रक्रियाओं के उल्लंघन के 9 हजार 740 केस बने और 11 करोड़ 89 लाख से अधिक की राशि का वारा न्यारा हो गया। यही नहीं शिकायते 1546 दर्ज की गई, इनमें भी 31 लाख रुपए से अधिक की राशि का झोल है। कुल मिलाकर यह पूरा मामला 136 करोड़ 40 लाख से अधिक का बैठता है। लेकिन गबन के 4 हजार 389 मामलों में कुल मिलाकर 693 मामलों में ही रिकवरी की गई, उसकी राशि 20 लाख 13 हजार रुपयों मात्र से कुछ ही अधिक है।

## ओडिशा से गांजा तस्करी कर उत्तरप्रदेश ले जा रहे थे

# पुलिस को झांसा देने पति-पत्नी बन कर गांजा तस्करी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी पुलिस तथा आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक युवक तथा युवती के कब्जे से 13.5 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपी ओडिशा से उत्तरप्रदेश गांजा तस्करी कर ले जा रहे थे। पुलिस को झांसा देने दोनों ट्रेन में पति-पत्नी की तरह यात्रा करते थे। युवती मूल रूप से बिलासपुर की रहने वाली है, जो वर्तमान में उत्तरप्रदेश में रह रही है।

■ गुढ़ियारी थाना, आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई

गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने उत्तरप्रदेश, कौशांबी निवासी राजेंद्र प्रसाद, हेमलता कैवर्त्य को गिरफ्तार किया है। युवती पहले से शादी शुदा है। राजेंद्र के साथ युवती का प्रेम प्रसंग है। पुलिस के अनुसार दोनों गांजा को ओडिशा खड़ियार रोड से तस्करी कर प्रयागराज ले जा रहे थे। आरपीएफ ने दोनों को गुढ़ियारी पुलिस की निशानदेही पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर सात से गिरफ्तार किया है। उन पर किसी को गांजा तस्करी करने का शक न हो, इसके लिए गांजा के ऊपर तथा नीचे की तरफ बोरी में कपड़ा या अन्य सामान भरकर ट्रेन में लावारिश हालत में छोड़ देते थे। गंतव्य तक पहुंचने के बाद गांजा अपने कब्जे में लेकर रफू चक्कर हो जाते थे।



### दो गांजा तस्करों को 15-15 साल कैद के साथ जुर्माना

गांजा तथा नशीली दवा का अवैध कारोबार करने के दो अलग-अलग मामलों में कोर्ट ने पांच आरोपियों को 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों मामलों की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में हुई है। कोर्ट ने तेलीबांधा तथा देवभोग थाना क्षेत्र में पकड़े गए तस्करों को सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक केके चंद्राकर के अनुसार कोर्ट ने ओडिशा से गांजा तस्करी कर ला रहे शदाब खान तथा घनश्याम मेहर को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों आरोपी 61 किलो गांजा ओडिशा से तस्करी कर रायपुर ला रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार रोकी और डिक्की की तलाशी ली, तो कार से गांजा मिला। आरोपी गांजा को दिल्ली की एक महिला तस्कर आरशी खान तथा इंदरीश खान को देने रायपुर आ रहे थे। शदाब तथा उसके साथी के पकड़े जाने की जानकारी मिलने पर दिल्ली से आए तस्कर फरार हो गए। प्रकरण 2021 का है।



### एक अन्य मामले में तीन को कैद के साथ जुर्माना

पंडरी थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व नशीली सिरप के साथ प्रतिबंधित टेबलेट के साथ पकड़े गए तीन आरोपियों को कोर्ट ने 15-15 वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने गोपाल कृष्ण वर्मा, हरीश कुमार चतुर्वेदी तथा सतनाम सिंह को सजा सुनाई है। पुलिस ने तीनों युवकों के कब्जे से साइंस सेंटर के पास 83 शीशी कफ सिरप के साथ एक हजार से ज्यादा प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की थी।

# वर्षों से संपत्ति कर अदा नहीं करने वाले 8 व्यावसायिक परिसरों को निगम ने किया सीलबंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

राजधानी रायपुर में पिछले कई वर्षों से संपत्ति कर अदा नहीं करने वाले 8 व्यावसायिक परिसरों को नगर निगम के राजस्व विभाग ने सीलबंद करने की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई शुक्रवार को जोन-8 क्षेत्र के राजस्व विभाग ने की है।

जोन क्षेत्र के राजस्व विभाग के अधिकारी महादेव रक्सेल ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 क्षेत्र में 8 बड़े बकाएदारों को तीन बाद डिमांड बिल नोटिस जारी कर संपत्ति कर अदा करने के लिए कहा गया था। इन नोटिस के बाद इन बकाएदारों को अंतिम नोटिस भी दी गई थी। इसके बाद भी बकाएदारों ने संपत्ति कर अदा नहीं किया।

इसके बाद राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर सभी 8 व्यावसायिक परिसरों को तत्काल ताला लगाकर सीलबंद करने की कार्रवाई की। जिन बकाएदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, उनमें हैदर रजा नामक व्यक्ति ने अपनी सम्पति का कर अधिरोपित नहीं कराया, जिस कारण उनके व्यवसायिक परिसर को सीलबंद किया।

### इन लोगों पर इतनी राशि बकाया

जिन बकाएदारों पर कार्रवाई की गई, उनमें हैदर रजा के अलावा वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक-1 अंतर्गत प्रीतम सिंग जीत सिंग पर 529434 रुपए, अशोक कुमार, विजय कुमार, विनोद कुमार नवानी पर 225857 रुपए, हरवंश सिंग, महेन्द्र सिंग, सुरजीत कौर वगैरह पर 452317 रुपए, राहुल धारीवाल पर 183697, आदिल खान पर 141022 रुपए, सुरेन्दर सिंग, गुरविंदर सिंग पर 117410 रुपए तथा संतोषी देवी पर 836874 रुपए संपत्ति कर की राशि बकाया है।

## खबर संक्षेप

### राजपूत क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह आज

**रायपुर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह उपसमिति रायपुर दक्षिण के युवा मंडल, महिला मंडल एवं उपसमिति दक्षिण के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को दोपहर 3 बजे नीलकंठेश्वर मंदिर बस स्टैंड के सामने भाठागांव में होली मिलन समारोह रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के अध्यक्ष ठा. बजरंग सिंह बैस होंगे तथा अध्यक्षता उपसमिति दक्षिण के अध्यक्ष ठा. इंद्रकुमार सिंह करेंगे।बतौर विशिष्ट अतिथि महासभा के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्ताशय के जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से सचिव ठा. दिनेश सिंह ने दी।

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स समाज की बैठक आज

**रायपुर।** पेंशनरों की आवश्यक बैठक शनिवार को पेंशनर्स सभा भवन जिला पंचायत के पीछे स्थित दफ्तर में रखी गई है। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि पेंशनरों के पांच सूत्रीय मांगों को राज्य शासन ने बजट में पेश ने करके एक लाख पेंशनरों के साथ घोर अन्याय किया है। पेंशनरों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा का आदेश नहीं देने से आक्रोश है। पेंशनर्स समाज के सदस्य आगामी 20 मार्च को अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय प्रदर्शन करेंगे। अखिल भारतीय राज्य फेडरेशन छत्तीसगढ़ इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष चेतन भारती का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री को कई बार ज्ञापन के माध्यम से पेंशनरों की मांगों पर बजट सत्र में विचार करने सौंपा जा चुका है।

### प्राचीन शनिदेव मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना 19 से

**रायपुर।** सदर बाजार चूड़ी लाइन में स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर नवग्रह शांति एवं भक्तों के कष्ट निवारण के लिए मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना 19 मार्च से 26 मार्च तक की जाएगी। मंदिर के पं. किशोरी लाल शर्मा ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नवरात्रि में कलश स्थापना का विशेष महत्व होता है। ज्योति कलश के पंजीयन जारी है। इसके लिए मंदिर प्रबंधन से श्रद्धालु संपर्क कर सकते हैं।

## निधन

### बसंती देवी बुरड



**रायपुर।** टैगोर नगर निवासी बसंती देवी बुरड का 12 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 मार्च को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे कस्तूरचंद बुरड की पत्नी थीं।

### साखी गोपाल अग्रवाल



**रायपुर।** वॉलफोर्ट सिटी भाठागांव निवासी साखी गोपाल अग्रवाल (90) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 मार्च को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया।

:: आम सूचना ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम आदमी को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री नीलू राम साहू पिता श्री परदेशी राम साहू, निवासी- ग्राम-पलौद, साहू पारा, पलौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर, छ.ग. के हक, अधिपत्य व स्वामित्व की कृषि भूमि, जो कि वाके मौजा ग्राम पलौद, प.ह.न.: 00021, रा.नि.मं. पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर, छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 235, रकबा 0.2000 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना की राशि प्रदान कर करार नामा निष्पादित किया जा चुका है, व बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध मे कोई भी व्यक्ति, कोई परिवारिक सदस्य, किसी संस्था (शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय निकाय) फर्म, समूह, कंपनी, ट्रस्ट या अन्य किसी को विक्रय करने के संबंध मे कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिनों के अंदर मय दस्तावेज़ सहित मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें । समयावधि पश्चात की गयी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन की कार्यवाही करा लिया जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी । सो सूचना जानें।

दिनांक 13/03/2026 **नीलेश कुमार देवांगन, (अधिवक्ता)**

**एन. के. देवांगन एण्ड कं., पंचपथ पारा चौक, भोई पारा के पास, वार्ड- ब्राम्हण पारा, रायपुर, छ.ग. मो. 9300302418**

# भाजपा बोली- बिजली बिल लंबित भुगतान के लिए सरचार्ज और मूल राशि में छूट ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने कोरोना काल और अन्य आर्थिक चुनौतियों के कारण बिजली बिल का भुगतान न कर पाने वाले निम्न व मध्यवर्गीय परिवारों के हित में मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस योजना में सरचार्ज के माफ होने के साथ मूल राशि में भी 75 फीसदी तक की छूट दी जा रही है।

श्री चिमनानी ने शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए योजना का विस्तृत ब्योरा साझा किया। श्री चिमनानी ने बताया कि 12 मार्च को योजना के शुरू होते ही शुरुआती कुछ ही घंटों के भीतर प्रदेशभर में लगभग 5 हजार उपभोक्ता इस योजना की प्रक्रिया से जुड़ गए। श्री चिमनानी ने भुगतान के लिए आसान किस्तों की सुविधा का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा, यह योजना सिर्फ नाम के लिए नहीं लाई गई है, बल्कि बकाया राशि की वसूली को सरल बनाने के लिए सरकार ने जो अभूतपूर्व व्यवस्था की है, उससे संबंधित बिजली उपभोक्ता लाभ लेने प्रेरित होंगे। इसके तहत 1 लाख रुपए से अधिक की राशि पर अधिकतम 60 किस्त, 20 हजार से 1 लाख रुपए तक अधिकतम 50 किस्त, 20 हजार से कम की राशि पर अधिकतम 40 किस्त तय की गई है।

### बीपीएल को 75 फीसदी छूट

श्री चिमनानी ने कहा इस योजना में बीपीएल परिवारों को मूल राशि में अधिकतम 75 प्रतिशत एवं एपीएल परिवारों को 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। दोनों को शत प्रतिशत अधिभार माफ होगा। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता ऑनलाइन 'मोर बिजली एप' और सीएसपीडीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जुड़ सकते हैं। श्री चिमनानी ने राज्य शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के हित में दिए जा रहे अनुदान की चर्चा करते हुए कहा, वर्ष 2024-25 में बीपीएल उपभोक्ताओं के विभिन्न योजनाओं में 7,513 करोड़ की अनुदान राशि सरकार द्वारा दी गई। इसमें पिछली सरकार के कार्यकाल अवधि का बकाया अनुदान 1294 करोड़ को भी शामिल किया गया। वर्ष 2025-26 में 6480 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया, जिसमें से 6024 करोड़ की अनुदान राशि सरकार द्वारा दी जा चुकी है।

# नकल करने पर अब दोबारा दिलानी होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं बोर्ड एग्जाम अभी जारी हैं। इस बीच सीबीएसई की तरफ से नकल को लेकर एक महत्वपूर्ण नियम में बदलाव की जानकारी सामने आई है, जिसके तहत सीबीएसई अब नकल को लेकर सख्त हो गया है। सीबीएसई ने नकल करते हुए पकड़े जाने वाले स्टूडेंट्स को दी जाने वाली सुविधा समाप्त कर दी है। सीबीएसई ने ऐसे स्टूडेंट्स के लिए एडिशनल विषय में पास होने की सुविधा को खत्म करने का फैसला लिया है।

नया नियम एकेडमिक 2025-26 से लागू होगा। गौरतबल है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद सीबीएसई द्वारा परीक्षा प्रणाली में कई तरह के बदलाव किए गए हैं। छात्रों को दो बार पास होने के मौके भी दिए जा रहे हैं। पर्याप्त अवसर के बाद भी नकल की राह चुनने वालों पर अब सख्ती बरती जाएगी। इसके लिए नियम तैयार हो चुके हैं।

### सीज होगी कॉपी

सीबीएसई की नई व्यवस्था के तहत बोर्ड एग्जाम में अगर कोई स्टूडेंट किसी विषय में नकल करते हुए पकड़ा जा रहा है तो उस स्टूडेंट्स की कॉपी सीज कर दी जाएगी। इसके साथ ही उस स्टूडेंट्स के लिए उस विषय की परीक्षा रद्द कर दी जाएगी। ऐसे हालातों में स्टूडेंट को दोबारा एग्जाम देना होगा। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि नकल करते हुए पकड़े गए स्टूडेंट को उस विषय में कंपार्टमेंट एग्जाम देना होगा। यानी सीबीएसई अब नकल के मामलों में सख्त हो गया है।

### अब तक उदार थी व्यवस्था

सीबीएसई अभी तक नकल को लेकर उदार व्यवस्था अपनाता था, जिसके तहत सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड एग्जाम में अगर कोई स्टूडेंट किसी एक विषय में नकल, अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पकड़ा जाता था, तो उस विषय की कॉपी को सीज कर दिया जाता था। हालांकि स्टूडेंट्स के पास छठी या सातवे एडिशनल विषय में पास होने की सुविधा मिलती थी। एडिशनल विषय में पास होकर स्टूडेंट्स उसे नकल वाले विषय से बदल देते थे। ऐसे में नकल करते हुए पकड़े जाने पर भी स्टूडेंट्स का बोर्ड रिजल्ट खराब नहीं होता था। ये व्यवस्था सिर्फ एक ही विषय में नकल करते हुए पकड़े जाने पर लागू होती थी।

## कर्मचारी पर गबन का आरोप, गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने गबन के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। राजेश अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने अभिषेक प्रधान को गिरफ्तार किया है। राजेश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि एमजी रोड पर अशोक ब्रदर्स के नाम से उसकी सेनेटरी की दुकान है। जहां अभिषेक पिछले तीन-चार साल से नौकरी कर रहा था। पिछले साल अभिषेक ने दो लाख रुपए कलेक्शन की रकम जमा नहीं कराई। अभिषेक के परिजनों ने सिविल लाइंस थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने अभिषेक के बारे में जानकारी जुटाकर उसकी गिरफ्तारी की।

## बिजनेस साइट

### विश्व किडनी दिवस पर वी-वाय हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**रायपुर।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर वी-वाय हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को किडनी संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करना और समय पर उपचार की जानकारी देना था। इस शिविर में 150 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श और जांच का लाभ उठाया। हॉस्पिटल के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीत चौधरी ने मरीजों को किडनी से जुड़ी बीमारियों, उनके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जरूरतमंद मरीजों की जांच भी की गई। शिविर के दौरान किडनी संबंधी विभिन्न जांचों पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट भी प्रदान की गई, जिसका लोगों ने लाभ उठाया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने दिए बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड



**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 'बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड' समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का आयोजन उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख किसलय प्रसाद के मार्गदर्शन में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक प्रदीप कुमार यादव, डॉ. आरती गुहे तथा डॉ. अनुप कुमार दवे उपस्थित रहे।

समारोह में विश्वविद्यालय की छात्रा दिलेश्वरी साहू, देवीदत्ता जैन और अनुष्का चौरसिया को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। प्रत्येक छात्र को 31,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया।

## पेज 9 के शेष

### कमर्शियल सिलेंडर का स्टाक ...

गैस सिलेंडर रिजर्व कर रखा गया है। स्थिति को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है, कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं होने से रविवार, सोमवार होटल, रेस्टोरेंट का कारोबार ठप हो सकता है। कारोबार संचालित करने होटल, रेस्टोरेंट संचालकों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ेगी। घरेलू रसोई गैस के पर्याप्त स्टाक के दावों के विपरीत गैस एजेंसी में एलपीजी सिलेंडर लेने वालों की लंबी कतारें लग रही हैं। जो पूर्व में ब्लैक में सिलेंडर लेकर काम चला रहे थे, स्थिति ऐसी हो गई है कि लोगों को अब ब्लैक में गैस सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है। बताया जा रहा है, जिन लोगों ने एक सप्ताह पूर्व गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई थी, ऐजेंसी उन्हें ही गैस सिलेंडर दे रही हैं।

### शासन का संदेश- अफवाह दुष्प्रचार...

के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की है, जिसके बाद 13 मार्च को संचालक खाद्य विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग समिति गठित की गई है। केंद्रीय खाद्य सचिव ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये देश के सभी राज्यों के खाद्य सचिवों के साथ चर्चा के दौरान जानकारी दी कि देश में घरेलू एलपीजी एवं पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सचिव ने यह भी जानकारी दी कि सभी राज्यों के लिए 48240 किलोलीटर के अतिरिक्त केरोसिन का आबंटन जारी किये जाने, राष्ट्रीय स्तर के कंट्रोल के नियमित संपर्क में रहने तथा एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी और कालाबाजारी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। सचिव ने इस कांफ्रेंस में देश में 40 आवश्यक वस्तुओं के दैनिक बाजार भाव वर्तमान में स्थिर बने रहने की जानकारी दी।

एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता-वितरण पर निगरानी रखने राज्य स्तरीय नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग समिति गठित

**राज्य में 5 बॉटलिंग प्लांट संचालित :** प्रदेश में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन द्वारा 2, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा 2 एवं भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा 1 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट सहित कुल 5 बॉटलिंग प्लांट संचालित हैं, जिनमें घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा इनकी पूर्ण क्षमता अनुसार बॉटलिंग का कार्य किया जा रहा है। बाटलिंग प्लांट से समस्त जिलों के कुल 540 एलपीजी वितरकों को रिफिल सिलेंडर नियमित रूप से प्रदाय किया जा रहा है। राज्य में पेट्रोल एवं डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिन्हें 2465 पेट्रोल-डीजल पंप के माध्यम से उपभोक्ताओं को प्रदाय किया जा रहा है।

**25 दिन के बाद ही बुकिंग:** ऑयल कपंनियों द्वारा रिफिल सिलेंडर बुकिंग के लिए 25 दिन का समय निर्धारित किया है। उपभोक्ता अब 25 दिन के बाद ही सिलेंडर बुकिंग करा पाएंगे।

### होटल में संदिग्ध हालत ...

पासपोर्ट, वीजा संबंधित दस्तावेज नहीं दे पाईं, इसके बाद पुलिस ने दोनों को डिटेंशन सेंटर में रखा था। पुलिस की पूछताछ में दोनों युवतियां तीन महीने तक अपने से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी नहीं दे पाईं, इसलिए पुलिस ने शुक्रवार को दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पीसीसी के संयुक्त महामंत्री ...

पुलिस उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर दिल्ली ले गई है। सूत्रों के अनुसार मोहम्मद अब्दुल्ला की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने श्री तिवारी को गिरफ्तार किया है। अब्दुल्ला ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि विनोद तिवारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वीडियो प्रसारित कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 336(4), 356 और 353(1) के तहत अपराध दर्ज किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कारोबारी को झांसा देकर पांच लाख का जेवर ले उड़ी महिला

**रायपुर।** एक सराफा कारोबारी ने एक महिला के खिलाफ पांच लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला एक व्यक्ति के साथ जेवर खरीदने का बहाना कर सराफा दुकान में पहुंची। महिला ने जेवर ट्रायल करने का झांसा देकर जेवर पहन लिया, इसके बाद कारोबारी की आंखों में धूल झोंक कर मौके से फरार हो गई। भागने का प्रयास कर रही महिला के साथ आए व्यक्ति को कारोबारी ने तथा मौके पर उपस्थित लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। कारोबारी दुर्गाप्रसाद सोने ने मेशराम साहू तथा कमलेश्वरी साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। देवपुरी में संचालित दुर्गा ज्वेलर्स में मेशराम तथा महिला जेवर खरीदने के बहाने गुरुवार को पहुंचे थे।

### कार्डियोलॉजी की सीट स्वीकृत, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के सबसे पुराने एवं दशकों से संचालित मेडिकल कॉलेज पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (मेकाहारा), रायपुर में लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण मांग को प्रदेश सरकार ने पूरा कर दिया है। अब मेकाहारा में डीएम कार्डियोलॉजी की सीट स्वीकृत कर दी गई है। इसको लेकर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने प्रदेश सरकार का आभार जताया है। बीजेपी प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कुशल नेतृत्व में लिए गए इस निर्णय से प्रदेश के युवा डॉक्टरों को सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह वर्षों पुरानी मांग भाजपा प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. देवेंद्र कश्यप के सतत प्रयासों एवं लगातार किए गए आग्रह का परिणाम है।

# आंबेडकर अस्पताल में शुरू होगी 'आईवीएफ', सरोगेसी सेंटर की अब कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निसंतान दम्पतियों की सुविधा के लिए आंबेडकर अस्पताल में आईवीएफ की सुविधा शीघ्र शुरू की जाएगी। लिंगानुपात की स्थिति सुधारने न्यूनतम और अधिकतम सेक्स रेश्यो वाले 3-3 जिलों में इसका अध्ययन किया जाएगा। इसके साथ ही राज्य में पीसीपीएनडीटी एक्ट के पालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाएगी। लिंगानुपात में सुधार और प्रजनन संबंधी सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में राज्य पर्यवेक्षक मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 एवं एआरटी-सरोगेसी एक्ट 2021 के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान संचालक महामारी नियंत्रण डॉ. सुरेन्द्र पामभोई ने दोनों अधिनियमों के प्रावधानों की जानकारी के साथ इनके क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।

स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में पीसीपीएनडीटी और एआरटी एक्ट का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि लिंग चयन जैसी अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। बैठक में निर्देश दिए गए कि लिंगानुपात की स्थिति सुधारने के लिए सर्वाधिक और न्यूनतम सेक्स रेशियो वाले तीन-तीन जिलों का विस्तृत अध्ययन कराया जाए, ताकि असमानता के कारणों का पता लगाकर सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।

## सर्वाधिक और न्यूनतम सेक्स रेश्यो वाले तीन तीन जिलों का होगा सर्वे

**खास बातें**

- आईवीएफ और सरोगेसी केंद्रों की नियमित निगरानी और निरीक्षण के लिए बनेगी कार्ययोजना
- एक्ट के पालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई



### सोनोग्राफी सेवाओं की कमी दूर करने ट्रेनिंग

बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रदेश में संचालित आईवीएफ और सरोगेसी केंद्रों की नियमित निगरानी और निरीक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी, ताकि संबंधित हितग्राहियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश में सोनोग्राफी सेवाओं की कमी को देखते हुए एमबीबीएस चिकित्सकों के लिए छह माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को शामिल करने के निर्देश भी दिए, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में भी यह सुविधा उपलब्ध हो सके। बैठक में विधायक लता उसेंडी, रायमुनी भगत और गोमती साय सहित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव अमित कटारिया, आयुक्त शिक्षा रितेश अग्रवाल और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# महापौर चौबे के वार्ड में पानी का संकट कांग्रेस ने किया जोन कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में लगातार बढ़ती पानी की गंभीर समस्या को लेकर शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लाखेनगर स्थित नगर निगम जोन 5 कार्यालय का घेराव किया। करण नगर, चंगोराभाठा सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से पानी की समस्या से परेशान नागरिकों के समर्थन में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक जोन कार्यालय के सामने धरने पर बैठे रहे।

नगर निगम प्रशासन की इस उदासीनता से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोन कार्यालय परिसर में मटका फोड़कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। शाम करीब 5 बजे जोन कमिश्नर कार्यालय पहुंचे, जिसके बाद शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने उनसे मुलाकात कर क्षेत्र में व्याप्त पानी की गंभीर समस्या को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा, रायपुर नगर निगम में भाजपा की महापौर होने के बावजूद उनके ही वार्ड के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में पानी की इतनी गंभीर समस्या बनी हुई है। जब राजधानी के महापौर के वार्ड में ही यह स्थिति है, तो शहर के अन्य वार्डों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

**मटका फोड़कर जताया विरोध**



### देवेंद्र नगर दुकानों को खुलवाने बैठक में व्यस्त

उन्होंने कहा, देवेंद्रनगर में बंद पड़ी दुकानों को खुलवाने के लिए नगर निगम की महापौर बैठक लेती हैं, जबकि वे दुकानें स्वयं उनके द्वारा बंद कराई गयी थीं। शहर की आम जनता की सबसे बड़ी समस्या पानी को लेकर नगर निगम प्रशासन और महापौर मीनल चौबे पूरी तरह आंखों पर पट्टी बांधकर बैठे हुए हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही क्षेत्र में पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निगम के खिलाफ और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### ये थे मौजूद

आकाश शर्मा, नरेंद्र ठाकुर, सत्यनारायण नायक, उत्तम साहू, दिनेश तिवारी, सुभाषिनी ऋषि देवांगन, बंशी कन्नौजे, विनोद ठाकुर, सुयश शर्मा, प्रीति सोनी, निशा शर्मा, पूनम यादव, प्रदीप देवांगन, सुनील ध्रुव, योगेश दीक्षित, ब्रह्मा सोनकर, जय सोनकर, मनोज सोनकर, राज देवांगन, वेंकट कुमार, मुकेश कुकरेजा सहित वार्ड की महिलाएं उपस्थित थीं।

# 19 दुकानें महीने रहीं सीलबंद, व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई कौन करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पंडरी इलाके की 19 दुकानों को सीलबंद किया गया था। महीनेभर के बाद उन्हीं दुकानों को नगर निगम ने पुनः खोलने का आदेश जारी किया है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने महापौर के इस फैसले पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण इन दुकानों को सीलबंद करने का फैसला ही गलत था। व्यापारियों से बातचीत कर इस समस्या का पहले ही समाधान निकाला जा सकता था,



लेकिन ऐसा नहीं किया गया। त्योहार के दौरान महीनेभर तक बंद रही दुकानों के कारण व्यापारियों को बड़ा नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई अब न महापौर करेंगी और न ही विधायक या सांसद करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि व्यापारियों के साथ नगर निगम द्वारा की गई यह कार्रवाई अनुचित थी। उन्होंने कहा कि महापौर के निर्देश पर इन दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की गई थी। इस कार्रवाई से पहले व्यापारियों को अगर समझाइश देकर उनसे बातचीत की जाती, तो ट्रैफिक जाम की समस्या का हल निकल सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इस समस्या का हवाला देकर दुकानें सीलबंद कर दी गईं। इसके कारण व्यापारी त्योहार में भी दुकानें खोल नहीं पाए, जिससे उन्हें बड़ा नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों से बातचीत कर अगर समस्या का हल पहले निकाल लिया जाता, तो नगर निगम को यू टर्न भी लेना नहीं पड़ता।

# ट्रेड डील के विरोध में संसद घेरेगी छग यूथ कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका के साथ ट्रेड डील के विरोध में यूथ कांग्रेस 16 मार्च को दिल्ली में संसद का घेराव करेगी। इस घेराव में छत्तीसगढ़ यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। शुक्रवार को रायपुर में हुई प्रेस वार्ता में भारतीय युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार की प्रस्तावित अमेरिका-भारत ट्रेड डील को किसानों, युवाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक बताते हुए तीखा विरोध दर्ज किया। संगठन ने इस डील को "भारतहित के खिलाफ और भविष्य पर सीधा आघात" बताया। यूथ कांग्रेस ने ट्रेड डील के कई बिंदुओं पर आपत्ति जताई है।



संगठन के अनुसार, डील की शर्तें किसान हितों को कमजोर करने वाली हैं। इससे कृषि बाजार पर बाहरी प्रभाव बढ़ेगा। अमेरिकी कॉरपोरेट्स की एंट्री से छोटे उद्योग बंद होने की आशंका है। रणनीतिक कंपनियों का डेटा अमेरिका को दिए जाने की चर्चा भी बेहद चिंताजनक है। एपस्टीन फाइल के बाद प्रधानमंत्री पर बाहरी आशंकाओं के सवाल भी चिंतनीय हैं।







हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




लाइव इवेंट

## कृषि विवि में आज एग्रीटेक मिलन शामिल होंगे 500 से अधिक पूर्व विद्यार्थी



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित स्वामी विवेकानंद अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा 14 एवं 15 मार्च को दो दिवसीय एल्युमिनाई मीट "एग्रीटेक मिलन-2026" में महाविद्यालय के पांच सौ से अधिक पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इस एल्युमिनाई मीट में छत्तीसगढ़ के अलावा देश के अन्य राज्यों से लगभग ढाई सौ भूतपूर्व विद्यार्थियों के आने की संभावना है। इस अवसर पर दो दिवसीय प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मेला भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न किसानोपयोगी नवीन प्रौद्यौगिकियां प्रदर्शित की जाएंगी। एग्रीटेक मिलन-2026 का शुभारंभ 14 मार्च को प्रातः 11 बजे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे। समारोह की अध्यक्षता कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा करेंगे। इस अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, कुलसचिव एवं छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### पहली बार एल्युमिनाई मीट का आयोजन

स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में पहली बार एल्युमिनाई मीट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विगत लगभग 30 वर्षों में कृषि अभियांत्रिकी की पढ़ाई कर चुके 500 से अधिक भूतपूर्व विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इन पूर्व विद्यार्थियों में से अनेक विद्यार्थी संघ लोक सेवा आयोग तथा राज्य लोक सेवा आयोगों के माध्यम से भारत सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों में वरिष्ठ प्रशासनिक पदों पर आसीन हैं। इसके अलावा कुछ भूतपूर्व छात्र प्रतिष्ठित औद्योगिक तथा व्यवसायिक संस्थानों में निदेशक अथवा वरिष्ठ अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। अनेक विद्यार्थियों ने स्टार्टअप स्थापित कर अन्य लोगों को रोजगार प्रदान किया है। डॉ. वर्मा ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय द्वारा अब तक 97 नवीन प्रौद्योगिकी विकसित की गई हैं तथा 32 डिजाइन पेटेंट किए गए हैं।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में शुक्रवार को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट-2026 का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन के पहले दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के अहम मुद्दों पर गहन मंथन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पिछले वर्ष हुए ग्रीन समिट पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

# ग्रीन समिट से विकास और प्रकृति के बीच संतुलन का संदेश

# असम, मेघालय और छग की संस्कृति का दिखा अनूठा संगम

## कला का उत्सव, हथकरघा और राज्यों के लोकनृत्यों ने बिखेरी छटा

**रायपुर।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस ग्रीन समिट की उपयोगिता इसलिए और भी बढ़ जाती है, क्योंकि इसके मंच पर नीति निर्माता, उद्योग जगत, शैक्षणिक संस्थान, शोधकर्ता और पर्यावरणविद एक साथ आकर महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान में जलवायु संकट लगातार गहराता जा रहा है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर केवल चिंतन ही न करें, बल्कि उन्हें अपने व्यवहार और जीवनशैली में भी उतारें।



### शोधों के संकलन पर आधारित पुस्तक का विमोचन

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सम्मेलन में प्रस्तुत शोधों के संकलन पर आधारित पुस्तक "एब्स्ट्रेक्ट", सम्मेलन की प्रमुख चर्चाओं पर आधारित "हाइलाइट्स ऑफ द समिट" तथा जनजातीय कहानियों और परम्पराओं पर आधारित पुस्तक "कथा कंथली" का विमोचन किया। इस अवसर पर मेघालय के लोकायुक्त सीपी मारक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल, पीसीसीएफ व्ही श्रीनिवास राव, विबग्योर फाउंडेशन के अध्यक्ष शंखदीप चौधरी, विषय विशेषज्ञ, प्रोफेसर, प्रबुद्धजन, स्कॉलर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन समय की मांग

कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैवविविधता और प्राकृतिक संपदा से अत्यंत समृद्ध राज्य है। जलवायु परिवर्तन की मौजूदा चुनौतियों के बीच विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वहीं, श्री रमेश अग्रवाल ने सभागृह में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों को प्रकृति संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि यह संकल्प हमें छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं और कथाओं में भी जल, जंगल और जमीन को सहेजने का संदेश देता है। यह प्रतिष्ठित आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय मैक कॉलेज, विबग्योर फाउंडेशन, एनटीपीसी, एनएमडीसी तथा एसईसीएल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और हस्तशिल्प ने मोहा मन

सम्मेलन के सांस्कृतिक सत्र में 'माड़ी कर्मा' नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही कलाकार राकेश तिवारी एवं रेखा देवार द्वारा 'भाट-भटनी' और 'दशमत' की कहानियों का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। समिट परिसर में हथकरघा, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा और भित्ति चित्रों के आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां स्थानीय कला, संस्कृति और हस्तशिल्प की अद्भुत झलक देखने को मिल रही है। इसके अलावा छत्तीसगढ़, असम और मेघालय राज्यों के पारंपरिक नृत्यों की भी शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। आयोजकों ने बताया कि शनिवार को (दूसरे दिन) भी कला और संस्कृति से जुड़े कई रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनके जरिए छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को और करीब से जानने का मौका मिलेगा।











सिटी इवेंट

## विकसित छग विजन को साकार करने उद्यमिता विकास पर चर्चा



**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी गर्ल्स पीजी कॉलेज में 12 दिवसीय सूक्ष्म उद्यमिता विकास का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में उद्यमिता के प्रति जागरूकता विकसित करना, उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और स्थानीय संसाधनों पर आधारित सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए आवश्यक ज्ञान व कौशल प्रदान करना है। यह पहल पीएम मोदी के विकसित छत्तीसगढ़ विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार द्वारा मेक इन इंडिया को गति देने के लिए किए जा रहे प्रयास के अनुरूप यह कार्यशाला आयोजित की गई।

### सशक्त उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण

वहीं डॉ. सुनील शुक्ला ने उद्यमिता को एक प्रभावी करियर विकल्प के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास पर जोर दिया। डॉ. अमित कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में राज्य में विकास के लिए सतत एवं सशक्त उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने चर्चा की गई। उद्घाटन सत्र में जिला उद्योग एवं व्यापर केंद्र के प्रतिनिधियों में प्रीति खंडेलवाल स्टार्टअप प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट की उपस्थिति रही। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए विभाग से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी साझा की। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से गुरु कल्याण नायक, मुकुल वेदी, डॉ. संदीप यादव तथा विनय यादव शामिल हुए।



### उद्यमिता से मिलेंगे आत्मनिर्भरता के अवसर

उन्होंने प्रतिभागियों को उद्यमिता के महत्व, आत्मनिर्भरता के अवसरों तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से व्यवसाय को स्थापित करने की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. जया तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में उद्यमिता को एक सशक्त विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। प्रो. कीर्ति श्रीवास एवं प्रो. ऋतु मरवाह और मुक्ता मल्होत्रा भी उपस्थित में छात्राओं ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। इस 12 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यमिता से जुड़े व्यावहारिक और प्रबंधन संबंधी विषयों पर व्यापक जानकारी दी जाएगी।

## सांस्कृतिक पहल के साथ सेवा करेगी सिंधु शक्ति

रायपुर। सिंधी समाज प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी चेट्रीचंड्र पर्व मनाने तैयारी में जुट गया है। ऐसे में विभिन्न संस्थाओं ने अपने आयोजनों की रूपरेखा भी तय की है। इस वर्ष चेट्रीचंड्र 20 मार्च को है, जब सामाजिक संस्थाएं विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन करेंगी। इसी संबंध में समाजसेवी संस्था सिंधु शक्ति ने बैठक बुलाई, जिसमें संस्था के सभी सदस्यों ने भाग लिया। इसमें सिंधु शक्ति के बैनर तले किए जाने वाले आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया। इसमें संस्था द्वारा एक दिन हीरापुर स्थित प्रेरणा आश्रम में बच्चों को आवश्यक सामग्री, खानपान की वस्तुओं का वितरित करेगी। दूसरे दिन श्याम नगर स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को जरूरी सामग्री देते हुए उनका आशीर्वाद लेगी। साथ ही चेट्रीचंड्र पर शोभायात्रा का स्वागत एवं सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। भगवान झूलेलाल की आरती के बाद सुबह से रक्तदान किया जाएगा।



### मुंबई और कोलकाता के 30 कलाकार देंगे प्रस्तुति

इसमें ब्लड डोनेट करने वालों को हेलमेट, मोमेंटो और प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया जाएगा। लोगों के लिए भंडारे का आयोजन भी होगा। शाम को रक्तदान के बाद भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा के स्वागत की तैयारी होगी। धमाल सिंधु के नाम से सिंधी सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। इसमें मुंबई और कोलकाता के 30 कलाकारों द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। शोभायात्रा स्थल पर पहुंचते ही फूलों की वर्षा करते हुए आतिशबाजी के साथ स्वागत किया जाएगा। शुक्रवार को हुई बैठक में आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है। इसमें सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा, पूर्व अध्यक्ष मनोज डेंगवानी, अध्यक्ष राजू भाई तारवानी, महासचिव अमर दौलतानी, नरसा लालवानी, अनिल राघवानी, रवि तेजवानी, बबला होतवानी, भरत पमनानी, दिलीप बजाज प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## छात्रों को गणित के महत्व और नवाचार की अनंत संभावनाओं को समझने किया प्रेरित

**रायपुर।** एमिटी विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन शुक्रवार को विश्वविद्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक समाज में गणित की सुंदरता, प्रासंगिकता और असीमित संभावनाओं को उजागर करना रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता सरकारी एनपीजी विज्ञान महाविद्यालय में गणित के प्रोफेसर डॉ. बीपी त्रिपाठी ने आईकेएस के परिप्रेक्ष्य से भारतीय गणितीय विरासत शून्य से अनंत तक विषय पर जानकारी दी। उन्होंने प्राचीन भारतीय गणितज्ञों के समृद्ध योगदान और विश्वभर में गणितीय ज्ञान के विकास व उनके प्रभाव के बारे में बताया। एमिटी विवि छत्तीसगढ़ के कुलपति डॉ. पीयूषकांत पांडे ने कहा कि गणित लगभग हर विषय में महत्वपूर्ण योगदान देता है और वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रगति में अहम भूमिका



निभाता है। गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम मिश्रा ने बताया कि पाई दिवस 14 मार्च को गणितीय स्थिरांक पाई के मान को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने छात्रों में तार्किक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमताओं के विकास में गणित के महत्व पर जोर दिया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में इंजीनियरिंग उप निदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह और डॉ. ज्योति सिंह भी शामिल हुए। कार्यक्रम ने छात्रों और शिक्षकों को गणित के महत्व और नवाचार एवं खोज की इसकी अनंत संभावनाओं को समझने के लिए प्रेरित किया।

## आदिवासी जीवनशैली, हस्तशिल्प, वनोपज और पारंपरिक उत्पादों का किया प्रदर्शन

# आदि परब के मंच पर कौड़ी-कलगी और बस्तरिहा साड़ी के साथ रैंप वॉक, जनजातीय संस्कृति की झलक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शुक्रवार को दो दिवसीय आदि परब का रंगारंग शुभारंभ नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में हुआ। यह आयोजन 13 से 14 मार्च तक किया जा रहा है। आदि परब के शुभारंभ अवसर पर जनजातीय समाज के आकर्षक परिधान से सजे-धजे युवाओं ने रैंप पर आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन किया। लोगों ने उत्साह के साथ इसका आनंद लिया। आदि परब में जनजातीय समाज के खानपान, वेशभूषा, विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। आदि रंग-जनजातीय चित्रकला महोत्सव, आदि-हाट जनजातीय शिल्प मेला में छत्तीसगढ़ के जनजातीय जीवनशैली, हस्तशिल्प, वनोपज और पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य जनजातीय आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, राज्य



अंत्यावसायी आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बेहरा, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, टीआरटीआई के संचालक हिना अनिमेष नेताम, गायत्री नेताम सहित अन्य विभागीय अधिकारी सहित बड़ी संख्या में प्रदेश से जनजातीय समुदाय उपस्थित रहे।

### आज समापन में शामिल होंगे सीएम

आज आदि परब के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम सहित जनजातीय समाज के पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। जनजातीय समाज के इस दो दिवसीय उत्सव में छत्तीसगढ़ सहित तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और झारखंड के आदिवासी लोक कलाकार शामिल हो रहे हैं। आदि परब की थीम परम्परा से पहचान तक रखी गई है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, कला और परंपराओं को राष्ट्रीय मंच देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।





## इवेंट लाइव

# चीफ मिनिस्टर छत्तीसगढ़ ट्रॉफी में दिग्गज खिलाड़ी बिखेरेंगे अपनी चालों का जादू



**रायपुर।** चीफ मिनिस्टर छत्तीसगढ़ ट्रॉफी 45वीं पुरुष एवं 23वीं महिला राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। 16 से 22 मार्च तक होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर के ग्रैंड मास्टर के साथ शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल होले वाले हैं। मंगलवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव ने इस चैंपियनशिप के आधिकारिक लोगो का विमोचन किया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के 23 राज्यों और 10 संस्थागत इकाईयों के 450 से अधिक दिग्गज खिलाड़ी अपनी चालों का जादू बिखेरेंगे।राजधानी के अग्रसेन धाम में होने वाली इस चैंपियनशिप का संचालन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

### लोगो में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान

आयोजन समिति की अध्यक्ष और विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर उन्हें आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। खेल मंत्री आयोजन समिति के संरक्षक भी हैं, उन्होंने इस बड़े खेल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विमोचन के अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने लोगो की खूबियां बताते हुए कहा कि इसमें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान, औद्योगिक विकास और प्राकृतिक सौंदर्य को पिरोया गया है। खास बात यह है कि इसमें राजकीय पशु 'वनभैंसा' को शतरंज की गोटी के रूप में दर्शाकर खेल की बौद्धिक परंपरा के साथ राज्य की पहचान को उकेरा गया है। इस मौके पर प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंघानिया, अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी एवं उपाध्यक्ष किरण अग्रवाल, एम. चंद्रशेखर, रवि कुमार, सहसचिव आनंद अवधिया, ईश्वर सिंह राजपूत और सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## समाज लाइव

# समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने महिलाओं की सक्रिय भूमिका जरूरी



**रायपुर।** महिला किसान थीम के साथ एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट द्वारा नाबार्ड के सहयोग से आयोजित किया गया। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं तथा ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महिला किसानों और उद्यमियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत में सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट के सचिव एस. के. खरे ने सभी अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम ने महिलाओं से समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने तथा सामाजिक परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### आत्मनिर्भर बनने दे रहे प्रशिक्षण

जिला विकास प्रबंधक अंशु गोयल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने पर बल देते हुए कहा कि नाबार्ड महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए उनके साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में देना बैंक आरसेटी के राज्य निदेशक अशोक सिंह ने महिलाओं को तकनीकी एवं स्वरोजगार से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट के सचिव एस. के. खरे ने अपने संबोधन में महिलाओं से आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ-साथ परिवार को एक सूत्र में बांधे रखने का संदेश दिया।

## धर्म लाइव

# भगवान शिव और श्रीकृष्ण दोनों एक-दूसरे के आराध्य



**रायपुर।** भगवान शिव और श्रीकृष्ण दोनों एक-दूसरे के आराध्य है। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव और श्रीकृष्ण एक-दूसरे के आराध्य ही नहीं माने जाते, बल्कि यह भी माना जाता है कि ये दोनों ही देवता एक-दूसरे के हृदय में वास करते हैं, लेकिन महाभारत और कई पौराणिक कहानियों में भगवान शिव और श्रीकृष्ण के युद्ध का भी उल्लेख मिलता है। एक बार भगवान शिव और श्रीकृष्ण के बीच युद्ध छिड़ गया था। और भगवान शिव को अपने भक्त की रक्षा के लिए शस्त्र के रूप में परमाणु बम छोड़ना पड़ा था। सुहागा मंदिर रायपुर में श्री शिव महापुराण कथा के दौरान यह बातें आज महामाया मंदिर के ज्योतिषी एवं भागवताचार्य डॉ. पंडित मनोज शुक्ला महाराज ने बैस परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण की कथा में कहीं। पंडित मनोज शुक्ला ने आगे बताया कि शिवरात्रि की पूजा करने के बाद शिवरात्रि की कथा भी सुननी चाहिए बिना कथा के कभी भी गंगा में स्नान नहीं करना चाहिए। श्री शिव महापुराण की कथा में विशेष रूप से पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, व्यास नारायण तिवारी अध्यक्ष महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट, दुर्गा प्रसाद पाठक, विजय अग्रवाल, श्याम बैस, प्रदेश भाजपा कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, एमएम फन सिटी राजेश थोरानी, पूर्व अपर कलेक्टर अशोक शर्मा, ललित सिंघानिया, आरबी शर्मा, सत्येंद्र सिंह, भूपेंद्र शर्मा, सिंधु बैस, अजय बैस विशेष रूप से मौजूद रहे।

---

● मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में भगवान झूलेलाल उत्सव की कड़ी में नाट्य मंचन में शामिल हुआ समाज

# 'ओ मुहिंजा झूलेलाल' के मंचन में भाषा और संस्कृति को सहेजने की चिंता, बढ़ते तलाक से टूटते रिश्तों की पीड़ा

मुंबई के 30 कलाकारों की टीम ने शुक्रवार की रात 'ओ मुहिंजा झूलेलाल' की नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से सिंधी भाषा और संस्कृति को सहेजने को लेकर जहां चिंता का बोध मेडिकल कॉलेज रायपुर के आडिटोरियम में मौजूद समाज के लोगों को कराने का प्रयास किया।वहीं समाज में बढ़ते तलाक से टूटते रिश्तों की पीड़ा का सामना करने वाले बुजुर्गों की दास्तां को भी बयां किया। दूसरी तरफ शदाणी दरबार में जारी वर्सी महोत्सव की श्रृंखला में कर्मों का लेखा-जोखा यमराज किस तरह रखते हैं, इसे नाट्य प्रस्तुति के जरिए पेश करते हुए कलाकारों ने वाहवाही लूटी।





**रायपुर।** सामाजिक संस्था एक पहल और द्वारा चेट्रीचंड्र के अवसर पर सिंधी समाज की संस्कृति और कला को प्रोत्साहित करने के लिए तीसरे वर्ष भी समाज में जागरूकता लाने के लिए आयोजन किया। युवा पीढ़ी में अपनी भाषा के प्रति सम्मान का भाव जागृत करने और अपनी संस्कृति का संदेश देने के लिए ईष्ट देव झूलेलाल को समर्पित सिंधी नाटक ओ मुहिंजा झूलेलाल का सजीव मंचन अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में किया गया। इसमें मुंबई से आए 30 कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई। एक पहल और संस्था के अध्यक्ष सुशील वाधवानी और प्रवक्ता गौरव मंधानी ने बताया कि जूली तेजवानी के निर्देशन में इस नाटक का मंचन देशभर में 35 बार किया गया है। इस नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों को भगवान झूलेलाल द्वारा किस तरह दूर किया गया। इसे आसान तरीके से प्रस्तुत करते हुए हिंदुत्व का संदेश दिया।

### बेसहारा छोड़ने वाले युवाओं पर करारा व्यंग



इसमें प्रमुख रूप से समाज में हो रहे धर्मांतरण को रोकने के लिए प्रभावशाली संदेश दिया गया है। युवा पीढ़ी में बढ़ रही तलाक की प्रवृत्ति को भी रोकने का संदेश दिया। विदेश जाकर धन कमाने के चक्कर में अपने बुजुर्ग माता-पिता को बेसहारा छोड़ने वाले युवाओं के ऊपर भी करारा व्यंग्य किया। इस सामाजिक कार्यक्रम में समाज के सभी प्रमुखजन सह परिवार उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद सभी अतिथियों के लिए सिंधी पंचायत जवाहर नगर द्वारा सिंधी व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान झूलेलाल की आरती से किया गया। इस कार्यक्रम की विशेषता थी कि संस्था द्वारा कोई भाषण, स्वागत और मंच का कार्यक्रम नहीं रखा गया था।

### यमराज के दरबार का किया नाट्य मंच



शदाणी दरबार में संत राजाराम साहेब के सातवें पीठाधीश्वर थे, जो अपनी करुणा, सेवा और आध्यात्मिक शिक्षाओं के लिए प्रसिद्ध रहे। हरि परयानी ने संत राजाराम साहेब के जीवन प्रसंग को नाट्य मंचन के माध्यम से इस तरह जीवंत किया, जैसे संत राजाराम साहेब 315 साल पुरानी शदाणी दरबार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मानव सेवा के लिए समर्पित रहे। उनका जीवन और दरबार का इतिहास सिंध से लेकर रायपुर तक भक्ति और करुणा के प्रतीक रहा है। हरि परयानी ने संत राजाराम के रूप में उनकी जीवनी पर प्रस्तुति दी। शुक्रवार की देर रात संत राजाराम साहेब स्वयं प्रकट हुए और भक्तों ने अपने गुरुजी का अभिवादन किया। शदाणी दरबार के मीडिया प्रभारी विक्की पंजवानी ने बताया कि इसी तरह एक शानदार नाट्य मंचन यमराज का दरबार में किरदार निभाते हुए अजीत छाबड़िया ने किया।



### यमराज की वेशभूषा पहनकर मंच पर आए

जिस तरह संसार में सभी को उनके कर्मों के आधार पर नरक या स्वर्ग मिलता है। उसका लेखा-जोखा चित्रगुप्त रखते हैं। चित्रगुप्त का किरदार उत्तम डेमरा निभाते हुए यमराज को लोगों के प्राण हरने के लिए भेजते हैं। यमराज का दरबार नाट्य मंचन में यमराज का अभिनय अजीत छाबड़िया ने किया। यमराज की वेशभूषा पहनकर मंच पर आए और यमदूतों से वार्तालाप शुरू किया था कि सभी डरने और घबराने लगे। अपने कर्मों की माफी मांगने लगे, लेकिन सूर्यपुत्र यमराज ने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया और पाप का दंड दिया।

---

# ड्राइंग बुक पर मेंहदी डिजाइन बनाने का गुर सीख रहीं 16 को प्रतियोगिता में अपनी हथेली पर सजाएंगी हिना



**रायपुर।** युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें एक नया कौशल सिखाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस ने "मेहंदी कला हुनर और उम्मीद" थीम पर कार्यशाला शुरू की है। इसमें अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाली 15 से 22 वर्ष की 22 जरूरतमंद युवतियों को हुनर सिखाने के लिए पहल की जा रही है। 12 से 16 मार्च तक प्रतिदिन अपरान्ह 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही कार्यशाला में पंजीयन कराने वाली प्रतिभागियों को ड्राइंग बुक देकर उन्हें मेंहदी का बेसिक सिखाया जा रहा है। किस तरह से कोण तैयार किए जाते हैं, इनको जोड़ते हुए किस तरह से डिजाइन तैयार किए जाते हैं, इसकी जानकारी प्राथमिक तौर पर दी जा रही है। इस श्रृंखला के संदर्भ में सुरुचि टावरी और नीतू सिंघानिया ने बताया कि अंतिम दिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवतियों को मेहंदी प्रतियोगिता से जोड़ा जाएगा।



### आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पहल

इस पहल का उद्देश्य युवतियों को मेहंदी कला का प्रशिक्षण देते हुए उनमें एक रचनात्मक कौशल प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में इसे अपने कॅरियर या आय के साधन के रूप में भी विकसित कर सकें। इस कार्यशाला ने उनके आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन नीरू अग्रवाल एवं सचिव तनुश्री अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से युवतियों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में नए अवसर मिलेंगे। कार्यशाला में पंजीयन और समन्वय की जिम्मेदारी रोटेरियन निशा नवीन अग्रवाल तथा रोटेरियन बबीता अग्रवाल ने संभाली।

### इस हुनर को कॅरियर के रूप में अपना सकें

रोटरी क्लब के सदस्यों की इस पहल से युवतियों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। अपने भविष्य निर्माण की दिशा में वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकती हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला की अंतिम कड़ी में प्रतियोगिता कराई जाएगी। भाग लेने वाली प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स भी दिए जाएंगे, ताकि वे भरोसे के साथ इस हुनर को कॅरियर के रूप में अपना सकें। इसके लिए हरसंभव सहयोग भी क्लब द्वारा दिया जाएगा।

# विश्व कप विजेता टीम की फिजियोथेरेपिस्ट आकांक्षा सत्यवंशी को मिली 'टाटा सिएरा', सीएम ने सौंपी चाबी




**रायपुर।** भारत के सबसे बड़े औद्योगिक समूहों में से एक टाटा मोटर्स ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप में ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाते हुए टीम के प्रत्येक सदस्य को अपनी प्रतिष्ठित और प्रीमियम एसयूवी 'टाटा सिएरा' भेंट करने की घोषणा की थी। इसी कड़ी में शुक्रवार को नया रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट सुश्री आकांक्षा सत्यवंशी को 20 लाख से अधिक मूल्य की 'टाटा सिएरा' की चाबियां सौंपी। मुख्यमंत्री ने पूर्व में ही आकांक्षा को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए 10 लाख की प्रोत्साहन राशि से पुरस्कृत किया था। आकांक्षा सत्यवंशी ने अपनी कड़ी मेहनत और विशेषज्ञता के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम में महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। विश्व कप के दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन को बनाए रखने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है।

### आतिशबाजी के बीच वाहन की सौंपी चाबी

टाटा मोटर्स ने इस विशेष वितरण के लिए क्षेत्र के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित डीलर 'नेशनल गैरेज' को चुना। नेशनल गैरेज के प्रबंध निदेशक शशांक शाह, जिनका टाटा मोटर्स के साथ 25 वर्षों का गौरवशाली और अटूट संबंध रहा है, इस अवसर पर सपरिवार उपस्थित थे। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित इस गौरवशाली समारोह में नेशनल गैरेज के ज्वाइंट एमडी तनय शाह, जीएम सुनीता पुरोहित, एजीएम बीरेंद्र सिंह, सुवेश कुमार (एरिया मैनेजर, टाटा मोटर्स), रचना सिंह, अलका साहू, सुनीता सिंह, हरीश साहू, जीएम सर्विस संतोष सत्पथी और सर्विस को-ऑर्डिनेटर कुलवंत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। चेयरमैन हीरालाल शाह एवं शाह परिवार की सभी महिलाओं और नेशनल गैरेज की टीम ने आकांक्षा सत्यवंशी का भव्य स्वागत किया। 'लेडी ऑफ म्यूजिक' की मधुर धुनों, केक कटिंग और आतिशबाजी के बीच आकांक्षा को वाहन की डिलीवरी दी गई।

---

## प्रवासी पक्षियों का कलरव वेटलैंड और वनक्षेत्रों में बर्ड वॉचर, सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बना

# प्रदेश में 520 प्रजाति के पक्षियों का डेरा, कॉमन पोचर्ड की डुबकी और डाल पर फुदकते फ्लाई कैचर की अठखेलियों ने मोहा मन

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इन दिनों प्रदेश के प्रमुख वेटलैंड कोपरा, पक्षी विहार गिधवा परसदा, कुरुद तालाब, फिंगेश्वर राजिम तालाब में कॉमन पोचर्ड की डुबकियां और नया रायपुर के वनक्षेत्रों के पेड़ों की डालियों पर फुदकते इंडियन फ्लाई कैचर की अठखेलियां वाइल्ड लाइफ प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इसके अलावा कैटल एग्रेट, इंडियन स्पॉट ब्लाइड डक, कॉमन हॉवक कुक्कु, इंडियन पिट्टा नामक पक्षियों के प्रकृति के बीच मनोरम दृश्य इस गर्मी वाइल्ड लाइफ प्रेमियों के अलावा यहां भ्रमण को पहुंच रहे सैलानियों के मन को मोह रहे है। एएमके भरोस बर्ड वॉचर वाइल्ड लाइफ रिसर्चर एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वाइल्ड लाइफ समिति रायपुर ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान बताया कि राज्य के वेटलैंड, जंगलों और रहवासी क्षेत्रों में 520 प्रजाति के पक्षियों ने अपना डेरा जमाया हुआ है। इसमें 70 से 80 प्रकार के प्रवासी पक्षी और बाकी 450 के आसपास स्थानीय व अप्रवासी पक्षियां शामिल हैं। राज्य के प्रमुख जलीय क्षेत्र, पक्षी विहार और वनक्षेत्रों में इन पक्षियों की दुर्लभ, मनोरम गतिविधियों को जीवंत रूप में अपने कैमरे में छत्तीसगढ़ वाइल्ड लाइफ समिति रायपुर के वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर हितेश तिवारी, निलेश चन्नावार और शिरीष दास ने अपने कैमरे में कैद किया है।









**इन प्रवासी पक्षियों से गुलजार वादियां :** कॉमन पोचर्ड, रेड हेडेड पोचर्ड, पीनटेल, गैडवाल, ग्रीन सैंड पाइपर, वुड सैंड पाइपर, वैगटेल पक्षी, कॉमन क्रेन, ब्लैक स्टॉर्क, मार्स हैरियर, स्पॉटेड ईगल, ग्रीनीस वागलर पक्षी, बुटेड वागलर पक्षी, फ्लाई कैचर, रेड ब्रेस्टेड प्रमुख प्रवासी पक्षी हैं, जो छत्तीसगढ़ के जंगलों, आर्द्र भूभागों व प्रवासी क्षेत्रों में प्रवास करते हैं।

### इन देशों से आते हैं प्रवासी पक्षी

सालभर अलग-अलग सीजन में साइबेरिया, मंगोलिया, यूरोप, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से अगस्त से लेकर नवंबर महीने तक इन पक्षियों के आने का सिलसिला जारी रहता है। वहीं ये प्रवासी पक्षी फरवरी से लेकर अप्रैल महीने तक अपने मूल निवास क्षेत्रों के लिए वापस लौटना जारी रखते हैं। इसके अलावा विशेषकर गर्मियों में बीडिंग और प्रवास के लिए आने वाले प्रवासी पक्षियों में इंडियन पिट्टा, इंडियन पैराडाइज फ्लाई कैचर और कुक्कु डेरा डालते हैं।

### 40 से 50 वेटलैंड चिन्हांकित

एएमके भरोस बर्ड वॉचर वाइल्ड लाइफ रिसर्चर एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वाइल्ड लाइफ समिति ने बताया कि प्रदेश में अब तक 40 से 50 वेटलैंड चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें अभी कोपरा वेटलैंड को ईरान की इंटरनेशनल कंजरवेशन संस्थान रामसर साइट ने मान्यता दी है, जो प्रदेश के एकमात्र इंटरनेशनल वेटलैंड की सूची में शामिल है। बाकी वेटलैंड पर रिसर्च प्रोसेस में चल रहा है।

# प्रदेश में 40 डिग्री का टार्चर, राजनांदगांव सबसे गर्म, मगर रायपुर भी पीछे नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

मार्च का दूसरा पखवाड़ा शुरू होने के पहले ही गर्मी ने प्रदेश के लोगों को 40 डिग्री का टार्चर देना शुरू कर दिया है। अभी सबसे अधिक गर्मी राजनांदगांव में पड़ रही है और दूसरे नंबर पर रायपुर है। सामान्य से 3 से 5 डिग्री पारा चढ़ने के बार राज्य के उत्तरी भाग से भी रात की ठंड खत्म हो गई है। अब दिन के साथ रात भी एसी-कूलरों का उपयोग शुरू हो गया है। प्रदेश में मार्च के पहले सप्ताह से गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया है। धीरे-धीरे गर्मी असहनीय भी होने लगी है। मार्च के अंतिम दिनों पिछले साल 43.8 तक की गर्मी सहन करने वाले राजनांदगांव में अभी का टेम्प्रेंचर 40.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। गुरुवार को दिन की गर्मी ने राज्य में सभी इलाकों में लोगों को परेशान किया। रायपुर में भी तेज धूप से लोग दिनभर असहज होते हैं। इसके पूर्व न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक होने की वजह से मध्य और दक्षिण के साथ उत्तरी इलाके यानी सरगुजा संभाग से भी रात की ठंड गायब हो चुकी है। अब प्रदेश में ठंड की वापसी की संभावना ना के बराबर हो चुकी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। एक द्रोणिका झारखंड से विदर्भ तक छत्तीसगढ़ होते हुए विस्तारित है। नया पश्चिमी विक्षोभ 14 मार्च से उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है जिसके प्रभाव में हल्की बूंदाबांदी होन की संभावना है। छाने वाले बादलों से वहां के अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है मगर शेष इलाकों में गर्मी का प्रभाव जारी रहेगा।

## प्रदेश का पारा 3 से 5 डिग्री तक चढ़ा, पूरी तरह से खत्म हुई ठंड



### मौसम का हाल

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 39.4 | +4.7 |
| बिलासपुर | 39.0 | +3.8 |
| पेंड्रा | 37.2 | +5.2 |
| अंबिकापुर | 35.5 | +3.7 |
| जगदलपुर | 37.5 | +2.7 |
| राजनांदगांव | 40.5 | +5.0 |

## खबर संक्षेप

### शोध उन्मुखीकरण पर एम्स में कार्यशाला

**रायपुर**। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में पिछले दिनों दो दिवसीय पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन संस्थान की इंस्टीट्यूट रिसर्च सेल द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य स्नातकोत्तर विद्यार्थियों में शोध कौशल को सुदृढ़ करना तथा वैज्ञानिक अनुसंधान और अकादमिक उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के पहले दिन स्नातकोत्तर शोधार्थियों के लिए संरचित शोध प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। एसोसिएट डीन रिसर्च डॉ. एकता खंडेलवाल तथा डीन डॉ. अभिरुचि गल्होत्रा ने स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में शोध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. एली मोहापात्रा, डीन (अकादमी) ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षण के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में थीसिस कार्य के महत्व को रेखांकित किया।

### प्रोजेक्ट धड़कन से पीहू को मिला नया जीवन

**रायपुर**। जिला प्रशासन रायपुर की पहल प्रोजेक्ट धड़कन से संचालित स्वास्थ्य सेवाओं ने एक बार फिर एक बच्ची के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। छठवीं कक्षा में पढ़ने वाली 11 वर्षीय पीहू कारके, जो हृदय संबंधी समस्या से जूझ रही थी, अब सफल उपचार के बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रही है। पीहू के हृदय में समस्या होने के कारण उसे खेलकूद और अन्य शारीरिक गतिविधियों में कठिनाई होती थी। इसी बीच जिला प्रशासन द्वारा पुलिस विभाग के कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए आयोजित 'प्रोजेक्ट छांव' के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में 'प्रोजेक्ट धड़कन' की विशेषज्ञ टीम ने पीहू के हृदय की जांच की। प्रारंभिक जांच के बाद पीहू को आगे के उपचार के लिए सत्य साईं हॉस्पिटल, नवा रायपुर भेजा गया। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विस्तृत जांच के बाद एक सप्ताह के भीतर उसका सफल ऑपरेशन किया गया।

### पोस्ट बेसिक नर्सिंग परीक्षा केंद्र बढ़ाने की मांग

**रायपुर**। पोस्ट बेसिक नर्सिंग परीक्षा के लिए बनाए जाने वाले केंद्रों में की गई कटौती को दूर करने की मांग की गई है। निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष महेंद्र चौबे ने बताया कि केंद्रों में होने वाली कटौती से परीक्षार्थियों की संख्या में कमी आएगी, जबकि स्टूडेंट्स की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायपुर के अलावा बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, जगदलपुर में भी परीक्षा केंद्र बनाने की मांग की गई है। व्यापमं द्वारा पोस्टबेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 21 मई को किया जाएगा। इसके लिए 12 मार्च से 10 अप्रैल तक आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है।

### धोबी समाज का महाधिवेशन 15 को

**रायपुर**। सिलयारी स्थित मलौद में छत्तीसगढ़ धोबी समाज कूंरा राज धरसींवा परिक्षेत्र का महाधिवेशन होगा। इस महाधिवेशन में विवाहयोग्य युवक-युवतियां परिचय देकर अपना मनपसंद जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे। महाधिवेशन में सामाजिक प्रकरणों का निराकरण एवं सक्रिय पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी समाज के महानगर अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रांरभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर होंगे। विशिष्ट अतिथि किसान नेता राजू शर्मा, प्रदेश महामंत्री चंद्रहास निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, रायपुर जिलाध्यक्ष जगमोहन निर्मलकर होंगे।

### भाग्यश्री को पीएचडी

**रायपुर**। रविवि के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला की शोधार्थी भाग्यश्री दीवान को पीएचडी की



उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने "उत्तर छत्तीसगढ़ की शैलचित्र कला का अध्ययन" विषय पर डॉ. नितेश कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में अपना शोधकार्य पूर्ण किया। अपने शोधकार्य में उन्होंने उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र के अनेक शैलाश्रयों का सर्वेक्षण करते हुए शैलचित्रों की शैली, तकनीक तथा रंगद्रव्यों के प्रयोग का विस्तृत अध्ययन किया है। इस अध्ययन के दौरान इस क्षेत्र में अनेक नवीन शैलचित्रकला पुरास्थलों की खोज भी की गई। साथ ही उनके शोध में पहली बार छत्तीसगढ़ में उपलब्ध शैलचित्र स्थलों की जिला-वार सूची प्रस्तुत की गई है।

## एक माह में दूसरी बार बढ़े तेलों के दाम

# खाद्य तेलों में महंगाई का और ज्यादा उबाल, राहर दाल के दाम भी बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाद्य तेलों में एक बार फिर महंगाई का उबाल आ गया है। एक माह पहले ही इसके दाम बढ़े थे, अब फिर दाम बढ़ा दिए गए हैं। इस बार दाम बढ़ने का कारण ईरान-अमेरिका और इजरायल का युद्ध बताया जा रहा है। खाद्य तेलों में सोया और राइस ब्रान के तेल महंगे हुए हैं। फल्ली तेल और सरसों का तेल अभी और महंगा नहीं किया गया है। राहर दाल के दाम भी 25 रुपए बढ़ गए हैं। दूसरी दालों की कीमत में इजाफा नहीं हुआ है।

लंबे समय से महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। कभी कोई सामान तो कभी कोई सामान महंगा हो जाता है। वैसे खाद्य तेलों में लंबे समय से राहत थी, लेकिन अब इसके दाम भी बढ़ गए हैं। खाद्य तेलों में सबसे ज्यादा सोया तेल का उपयोग होता है। इसमें कीर्ति गोल्ड तेल की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है। इसका उपयोग घरों के साथ छोटे से लेकर बड़े होटलों में होता है। इसके एक लीटर के दाम फरवरी से पहले थोक में 131 रुपए और चिल्हर में 135 रुपए चल रहे थे, फरवरी में इसके दाम थोक में 137 रुपए किए गए, तो चिल्हर में इसके दाम 145 रुपए हो गए। अब एक बार फिर इसके दाम बढ़े हैं, तो थोक में ही इसके दाम 145 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसके दाम 150 रुपए हो गए हैं। कीर्ति गोल्ड का 15 किलो वाला टिन थोक में 2160 से 2300 रुपए किया गया था अब इसके दाम में सौ रुपए का और इजाफा हो गया है। इसके दाम अब 2400 रुपए हो गए हैं। यह चिल्हर में 2500 रुपए मिल रहा है। इसी के साथ सनफ्लावर का 15 किलो का टिन 2300 से बढ़कर 2400 रुपए हो गया है। यह भी चिल्हर में 25 सौ रुपए हो गया है। फल्ली तेल एक लीटर थोक में 160 का 170 हो गया था। यह चिल्हर में 180 रुपए बिक रहा है। हरेली एक लीटर थोक में 140 और चिल्हर में 145 रुपए हो गया है। हरेली 15 किलो का टिन जो पहले 2200 रुपए था, वह अब 2300 रुपए और चिल्हर में यह 2400 रुपए हो गया है। सरसों तेल लाल गुलाब थोक में 180 रुपए लीटर हो गया है। चिल्हर में 190 रुपए बिक रहा है।



### राहर दाल के दाम 25 रुपए बढ़े

राहर दाल के दाम बीते साल भर से बहुत कम थे। यह चिल्हर में 100 से 110 में मिल रही थी, लेकिन इसकी नई फसल आने के बाद इसके दाम बढ़ गए हैं। कारोबारियों के मुताबिक इसकी फसल खराब होने के कारण फसल कम हुई है। ऐसे में थोक में ही इसके दाम 125 से 130 रुपए और चिल्हर में 135 से 140 रुपए हो गए हैं। अन्य दालें भी दो से चार रुपए महंगी हुई हैं। चना दाल थोक में 68 से 70 रुपए, चिल्हर में 80 रुपए, मूंग दाल थोक में 100 रुपए और चिल्हर में 110 रुपए, उड़द दाल धुली थोक में 100 और चिल्हर में 110 रुपए, देशी चना थोक में 58 रुपए और चिल्हर में 70 रुपए, काबुली चना थोक में 90 और चिल्हर में 100 रुपए किलो बिक रहा है।

## कांग्रेस ने की निष्पक्ष जांच की मांग

### अफीम की खेती, बिना सरकार के संरक्षण के संभव नहीं: बैज

**रायपुर**। प्रदेश में अफीम की खेती मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, दुर्ग



में अफीम खेती का सरगना विनायक ताम्रकार के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ मधुर संबंध थे। असल में पूरी भाजपा का उसको संरक्षण मिला हुआ है। राज्य में अफीम की खेती की निष्पक्ष जांच होनी चाहिये। बिना सरकार के संरक्षण के पूरे प्रदेश में नशे का इतना बड़ा कारोबार संभव नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बलरामपुर में तो जिस जमीन पर अफीम की खेती हो रही थी, गिरदावरी में वहाँ अन्य फसल लगा होना बताया है, मतलब सरकारी अमले को पता था वहां अफीम की खेती हो रही थी। दुर्ग जिले के समोदा में जिस भूमि पर भाजपा नेता अफीम की खेती कर रहा था, कृषि और राजस्व विभाग के सरकारी अफसर उस भूमि पर मक्का का खेती होना बताते रहे, प्रोत्साहन राशि भी दिया गया।

#### नशे के कारोबार को संरक्षण

खुलेआम अफीम की खेती नहीं हो सकती और न ही गली, कूचों में गांजा, शराब, सूखे नशे का कारोबार हो सकता है। दुर्ग के तो भाजपा का प्रभावशाली नेता की संलिप्तता था, प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी भाजपाई संरक्षण में ही नशे की खेती हो रही है। बलरामपुर में भी भाजपा का नेता ही अफीम की खेती करवा रहा था।

# बैंक पर धोखाधड़ी का आरोप प्रदर्शन-तालाबंदी की चेतावनी



**रायपुर**। एक निजी बैंक में करोड़ों के फ्राड मामले में प्रभावित लोगों ने आक्रोशित होकर थाने में बैंक एवं शाखा प्रबंधक के खिलाफ लिखित शिकायत करते हुए रकम वापसी के लिए जल्द ही बैंक के सामने प्रदर्शन एवं तालाबंदी की चेतावनी दी है। थाना प्रभारी को लिखित में बैंक के शाखा प्रबंधक चरोदा एवं अन्य के खिलाफ एफआईआर करने का आवेदन दिया है। साथ ही कलेक्टर के नाम तहसीलदार धरसींवा को भी ज्ञापन सौंपकर रकम वापसी के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। प्रभावित लोग पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मिले। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि बैंक द्वारा करोड़ों की राशि लोगों से जमा कराई गई। बैंक की मिलीभगत के बगैर गड़बड़ी संभव नहीं है। मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# अंडरवर्ल्ड से कनेक्शन होने का भय दिखाकर सिक्योरिटी अफसर से 20 लाख रुपए की ठगी

## छोटा शकील, दाऊद से कनेक्शन होने का झांसा देकर रुपए लौटाने से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीडीनगर थाने में एनआईटी कैंपस के सिक्योरिटी अफसर ने ठेकेदार के खिलाफ मकान पुनर्निर्माण करने के नाम पर 20 लाख रुपए लेने तथा पैसे लेकर काम नहीं करने पर रकम वापस लौटाने, दबाव बनाने पर धमकाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिक्योरिटी अफसर ने ठेकेदार के खिलाफ अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील तथा दाऊद इब्राहिम के साथ कनेक्शन होने का भय दिखाने का आरोप लगाया है।



बलराम नायक ने दिनेश देवांगन के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। बलराम ने पुलिस को बताया कि वह महादेवघाट रोड स्थित सुदर्शन विहार में अपने निजी मकान का पुनर्निर्माण करने मेसर्स यूनिवर्सल ब्रिक्स के ठेकेदार अवंति विहार निवासी दिनेश देवांगन को ठेका दिया था। बलराम के अनुसार, वह ठेकेदार को वर्ष 2024 से 2025 के बीच 20 लाख रुपए दे चुका है। भवन निर्माण पूरा नहीं होने पर बलराम ने ठेकेदार से पैसे वापस मांगे तो पहले वह गुमराह करने लगा। इसके बाद रकम लौटाने के बजाय धमकियां देने लगा।

### आपराधिक व्यक्ति से कॉल कराकर दी धमकी

बलराम ने पुलिस को बताया कि लगातार पैसे वापस लौटाने का दबाव बनाने पर ठेकेदार ने एक अन्य आपराधिक व्यक्ति से उसे कॉल कराकर पैसा वापस नहीं मांगने धमकाया। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति ने अपना संबंध छोटा शकील, दाऊद इब्राहिम से होने की बात कहते हुए बलराम को पिस्टल से गोलियां मारने जैसे धमकी दी और डराने लगा। सिक्योरिटी ऑफिसर ने दिनेश पर फर्जी इकरारनामा तैयार कर गुंडों की मदद से उस पर जबरन हस्ताक्षर करने दबाव बनाने का आरोप लगाया है। इसके अलावा दिनेश पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

A VENUE THAT FEEDS
Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
SHREEJI INN HOTEL
Restaurant-Banquet Hall
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
Mango बिना आवाज कूलर 7 स्पीड BLDC
डक्टिंग कूलर, हॉल, वर्कशॉप, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

GST रजिस्ट्रेशन नंबर बनवाएं मात्र 500/- में
2 साल पुरानी ITR फाईल बनवाएं मात्र 2000/- में
CMA DATA | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | FOOD लाइसेंस | UDYAM-MSME | TDS रिफंड | Whatsapp पर बनवाएं
C-74 Sector 1, Devendra Nagar, Near Jubesta Hospital
Beside Adarsh School, Pandri, Raipur
संपर्क : शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एवेंजर्स' फेम मार्क रफ्लो से लेकर जैक व्हाइट तक ने जताई असहमति



अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी की सुबह ईरान पर बड़ा सैन्य हमला किया था। तब से अब पखवाड़े भर से ज्यादा का अरसा बीत चुका है। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई समेत कई बड़े अधिकारी मारे गए। ईरान ने जवाब में अमेरिकी ठिकानों, इजराइल और मिडिल ईस्ट के कुछ इलाकों पर मिसाइलें दागीं। ईरान पर हुए हमले पर हॉलीवुड स्टार मार्क रफालो और रोजी ओ'डॉनेल सहित कई सितारों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।
हॉलीवुड के कई सितारे हमले को गलत बताते हुए शांति की मांग कर रहे हैं और ट्रंप सरकार की नीतियों की आलोचना कर रहे हैं। स्थिति अभी तनावपूर्ण बनी हुई है। इसी बीच अभिनेत्री रोजी ओ'डॉनेल ने इंस्टाग्राम पर ट्रंप के पुराने बयान शेयर किए, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे युद्ध नहीं शुरू करेंगे बल्कि रोकेंगे। उन्होंने ट्रंप पर झूठ बोलने का आरोप लगाया।
मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) की एवेंजर्स सीरीज और बाकी फिल्मों में डॉ. ब्रूस बैनर और 'द हल्क' सुपरहीरो की भूमिका निभाने वाले मशहूर मार्क रफालो ने इंस्टाग्राम थ्रेड्स पर एक आर्टिकल शेयर किया। एएनआई के अनुसार, उन्होंने ट्रंप के सलाहकार जेरेड कुशनर का जिक्र था। उन्होंने लिखा कि कुशनर को युद्ध करवाने के लिए भेजा गया था।
एएनआई के अनुसार, म्यूजिशियन जैक व्हाइट ने इंस्टाग्राम पर ट्रंप का मजाक उड़ाया। उन्होंने ट्रंप को 'बोर्ड ऑफ पीस' का लीडर बताया और लिखा कि ट्रंप ट्रकर हैट पहनकर युद्ध का ऐलान कर रहे हैं। उन्होंने ट्रंप के बेटों का भी जिक्र किया कि उनके बच्चे युद्ध में नहीं जाएंगे, दूसरे लोगों के बच्चे जाएंगे।

### टॉलीवुड

## 'जन नायकन' की देरी पर बोले थलपति, सीएम से कह दी बड़ी बात



एक्टर थलपति विजय ने तमिलनाडु में एक सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने पहली बार 'जन नायकन' की देरी पर बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री पर भी निशाना साधा। उल्लेखनीय है कि एक्टर थलपति विजय की एक्टिंग से संन्यास लेने से पहले की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' 9 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज होनी थी। लेकिन सेंसर बोर्ड के साथ कानूनी लड़ाई में फंस गई और टलती चली गई। नतीजन आज भी फैंस इसका इंतजार कर रहे हैं। अब एक्टर ने इस बारे में पहली बात बात की है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री पर भी निशाना साधा। कहा कि वह उन्हें चुप करा सकते हैं लेकिन घर-घर में मौजूद हर विजय को नहीं।
दरअसल, थलपति विजय एक्टर के साथ एक राजनेता भी हैं। वह अपने पॉलिटिकल कैम्पेन के तहत सपोर्टर्स की एक सभा को सम्बोधित करने तमिलनाडु के तंजावुर पहुंचे थे। यहां उन्होंने अपनी आखिरी फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज में हो रही देरी के बारे में खुलकर बात की। एक्टर ने कहा, 'सुनिया मैं क्या कह रहा हूं, अगली सरकार टीवीके सरकार होगी। मछुआरे अपनी उम्मीद बरकरार रखें। आपकी हर तरह से सुरक्षा की जाएगी। जन नायकन की रिलीज के दौरान, कई लोगों ने सपोर्ट में अपनी आवाज उठाई थी। यहां तक कि मुख्यमंत्री ने भी सपोर्ट किया था। मैं इसके लिए उनका शुक्रिया अदा करता हूं। मुख्यमंत्रीजी आप मुझे चुप करा सकते हैं लेकिन आप हर घर के विजय को चुप नहीं करा सकते। उन लोगों ने अपनी मुहिम पहले से ही शुरू कर दी है।' मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक्स हैंडल पर फिल्म के सपोर्ट में लिखा था, 'ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की तरह, सीबीएफसी भी केंद्र के हाथों की कठपुतली बन गई है।

### भोजपुरी

## 'जेठानी की अरेंज मैरिज, देवरानी की लव मैरिज' का ट्रेलर हुआ जारी




'अरेंज मैरिज अच्छा या लव मैरिज', कुछ सवाल के इर्द-गिर्द बुनी गई कहानी है इस भोजपुरी फिल्म जेठानी की अरेंज मैरिज, देवरानी की लव मैरिज' की। फिल्म के नाम से ही साफ है कि कहानी में घर के अंदर खूब तू-तू मैं-मैं होनेवाली है। भोजपुरी सिनेमा अपनी पारिवारिक कहानियों और हल्के-फुल्के हास्य के लिए दर्शकों के बीच खास लोकप्रिय है। इसी को आगे बढ़ाते हुए जल्द ही फिल्म 'जेठानी की अरेंज मैरिज, देवरानी की लव मैरिज' रिलीज होगी। मेकर्स ने शनिवार को फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है।
यह फिल्म परिवार में जेठानी और देवरानी के बीच होने वाली नोकझोंक को मजेदार अंदाज में पेश करती है। 4 मिनट 54 सेकंड के ट्रेलर की शुरुआत घर की बड़ी बहू से होती है, जो घर के सारे काम संभालने के साथ-साथ ट्यूशन भी पढ़ाती है। हालांकि, फिर भी उसकी सास घर के काम को लेकर उसे परेशान करती रहती है। एक दिन वह तनख्वा अपनी सास को देती है तो उसकी सास उससे रुपए कम के लिए पूछती है, जिससे वह कहती है कि इस बार पापा को रुपए चाहिए थे तो मैंने उन्हें दे दिए थे। कहानी तब मोड़ लेती है, जब उसके देवर की लव मैरिज करवाई जाती है। उसकी पत्नी (देवरानी) सरकारी नौकरी वाली है। वह घरेलू कामों में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेती। इसके बजाय वह अपने पति के साथ बाहर घूमती है, अलग-अलग जगहों पर खाना खाती है, जिससे मोहल्ले वाले तरह-तरह की बातें बनाने लगते हैं। इस व्यवहार से परिवार में तनाव बढ़ता जाता है।

लाइफ स्टाइल




2026 में जेन जेड फैशन ₹वाई2के रिवाइवल 2.0₹ के साथ पॉलिश्ड यूटिलिटी पर फल-फूल रहा है। इसमें लो-राइज़ डेनिम, बैगी कार्गो पैंट और ओवरसाइज़्ड ब्लेज़र शामिल हैं। इसके टिकाऊपन में थ्रिफ्टेड, अपसाइकल्ड और जेंडर-फ्लूइड स्टाइल हावी हैं। मुख्य ट्रेंड्स में ₹ऑफिस सायरन₹ टेलरिंग, टेकवियर और मैक्सिमलिस्ट एक्सेसरीज़ शामिल हैं। आज जेन जी को यही सब कुछ चाहिए, जो डिजाइनर उन्हें दे रहे हैं।

## चेहरे पर नींबू का इस्तेमाल करने से पहले सोचें



नींबू प्राकृतिक रूप से विटामिन सी और साइट्रिक एसिड से भरपूर होता है, जो चेहरे की चमक बढ़ाने, टैन हटाने और मुंहासे कम करने में मदद करता है। पर, ये काफी नुकसानदायक भी होता है। इसलिए इस्तेमाल से पहले इसके बारे में सब जान लें।
ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए आजकल ज्यादातर लोग घरेलू नुस्खों पर भरोसा करते हैं। कई बड़े सिलेब्स भी लोगों को घरेलू नुस्खे इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। इन्हीं नुस्खों में शामिल है त्वचा पर नींबू का इस्तेमाल करना। नींबू त्वचा के लिए फायदेमंद है लेकिन सावधानी से इस्तेमाल करना जरूरी है।
नींबू प्राकृतिक रूप से विटामिन सी और साइट्रिक एसिड से भरपूर होता है, जो चेहरे की चमक बढ़ाने, टैन हटाने और मुंहासे कम करने में मदद करता है। लेकिन क्या इसे सीधे त्वचा पर लगाना सुरक्षित है?

### चेहरे पर नींबू लगाने के फायदे

चेहरे पर यदि आप नींबू इस्तेमाल करना चाहते हैं तो पहले इसके फायदे जान लें। दरअसल, नींबू में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सिडेंट त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं। इसमें जो एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो मुंहासों और काले दाग को हल्का करने में सहायक होते हैं। नींबू में पाए जाने वाले साइट्रिक एसिड टैनिंग को कम करने और डेड स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। यदि आपकी त्वचा काफी ऑयली है तो नींबू चेहरे के अतिरिक्त तेल को कंट्रोल करता है और चेहरे को फ्रेश रखता है।

### नींबू के नुकसान

इसके जितने फायदे हैं, उतने नुकसान भी हैं। दरअसल, नींबू का pH बहुत कम (अम्लीय) होता है, जिससे संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली और रैशेज हो सकते हैं। यदि आप नींबू लगाने के बाद सीधे धूप में जाने से स्किन जल सकती है, जिससे सनबर्न और डार्क पैच हो सकते हैं। ये उन लोगों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक हो सकता है, जिनकी त्वचा ड्राई है, क्योंकि नींबू त्वचा की नमी को लॉक करने का काम करता है।

### ऐसे लोग न करें इस्तेमाल

यदि आपके चेहरे पर नींबू सूट करता है, लेकिन चेहरे पर कट, जलन या खुले पिंपल हैं, तो नींबू लगाने से बचें। इसके इस्तेमाल से त्वचा पर और अधिक जलन और इंफेक्शन हो सकता है। इसके अलावा यदि आपकी त्वचा अत्याधिक संवेदनशील है, तो भी इसके इस्तेमाल से दूर रहें, ताकि आपको किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आउट ऑफ फैशन कपड़े भी बन सकते हैं ट्रेंडिंग, जरूर आजमाएं





बाजार में हर साल नए-नए डिजाइन के आउटफिट्स आते हैं, लेकिन कुछ ही समय में वे आउट ऑफ फैशन भी हो जाते हैं। तो क्यों न पुराने स्टाइल के आउटफिट्स को नए डिजाइनों में ट्राई किया जाए? कोई त्योहार हो या शादी समारोह, अक्सर आउटफिट विकल्प सीमित होने की वजह से लुक एक सा ही दिखता है। तो क्यों न इस बार पुराने आउटफिट्स को नए डिजाइन और स्टाइलिंग के साथ सजाया जाए? ये नए डिजाइन आपको हर आयोजन के लिए फ्रेश और स्टाइलिश बना सकते हैं, जिससे हर जगह आपकी खूबसूरती और स्टाइल पर सबकी नजरें टिक जाएंगी।

### पेस्टल में फ्रेश लुक

इस बार पेस्टल रंग के नए डिजाइन वाले आउटफिट्स काफी ट्रेंड में हैं। ब्लश पिंक, मिंट ग्रीन, लेमन येलो और लैवेंडर जैसे शेड्स अब मॉडर्न कट्स, लेयरिंग और हल्की एम्ब्रॉयडरी के साथ और भी आकर्षक दिखेंगे। नए पैटर्न वाले पेस्टल लहंगे दिन और रात, दोनों आयोजनों के लिए परफेक्ट हैं। इन्हें फ्लोरल या पोल्की ज्वेलरी के साथ पहनने से आउटफिट रॉयल और फ्रेश लुक देता है, जो आपकी पर्सनैलिटी को निखारते हुए स्टाइल में चार चांद लगा देगा।

### शरारा सूट का ग्रेस

इस सीजन शरारा सूट फिर से ट्रेंड में है। कढ़ाईदार कुर्ते के साथ मैचिंग गोटे वाला दुपट्टा और स्टाइलिश शरारा हर अवसर पर आपको आकर्षक बनाने के लिए तैयार है। लंबी या घुटनों तक की कुर्ती, मॉडर्न कट्स और हल्की एम्ब्रॉयडरी के साथ शरारा सूट अब नए डिजाइनों में उपलब्ध है। इस आउटफिट के साथ पंजाबी चोटी आपको एक ट्रेडिशनल और ट्रेंडी लुक देगी। चाहे संगीत हो, मेहंदी हो, हल्दी हो या रिसेप्शन, यह हर मौके पर आरामदायक और एलिगेंट विकल्प साबित होगा।

### परंपरा और ट्रेंड का मेल 'गाउन'

गाउन कभी फैशन से बाहर नहीं हुए और इस साल फिर से इंडो-वेस्टर्न गाउन फैशन में हैं। यह आउटफिट पारंपरिक और वेस्टर्न स्टाइल का परफेक्ट मेल दिखाता है। नए डिजाइन में फ्लोइंग कट्स, हल्की एम्ब्रॉयडरी और लेयरिंग शामिल है, जो इसे मॉडर्न और एलिगेंट बनाती है। वाइन, एमरल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, मैरून, ब्लश पिंक और लेवेंडर जैसे ट्रेंडी रंग आपको हर मौके के लिए परफेक्ट बना सकते हैं।

## हील्स पहनने से पैरों में होता है दर्द तो करें ये काम, मिलेगा काफी आराम



शायद ही कोई ऐसी महिला होगी, जिसे हील्स पहनना पसंद नहीं होगा। हील्स पहनने से न सिर्फ लुक अच्छा दिखता है, बल्कि इसकी वजह से महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसी के चलते महिलाएं शादी-विवाह से लेकर दफ्तर तक में हील्स पहनना पसंद करती हैं।
पर, कई बार ऐसा होता है कि ज्यादा देर तक हील्स पहनने से पैरों में परेशानी होने लगती है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद आपके पैरों मे हील्स पहनने के बाद भी दर्द नहीं होगा।

### कुशन का इस्तेमाल करें

आजकल हील्स के लिए खास तरह के कुशन आते हैं, जो पैरों का दर्द कम करने में मदद करते हैं। ये आपके पैरों पर पड़ने वाले दबाव को कम करके आरामदायक महसूस कराते हैं। इसे तब इस्तेमाल करें, जब आपको ज्यादा समय के लिए हील्स पहननी हो।

### पैरों में करें स्ट्रेचिंग

यदि आपको ज्यादा समय के लिए हील्स कैरी करनी है तो हील्स पहनने से पहले पैरों की अच्छी स्ट्रेचिंग और मसाज करें। इससे पैरों में खिंचाव होने की आशंका कम हो जाती है। इसके लिए खासतौर पर अपने एड़ी और पंजे के लिए हल्के स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें।

### चलने का सही तरीका अपनाएं

यदि आप हील्स पहनने के बाद गलत तरीके से चलेंगी तो भी पैरों में दिक्कत हो सकती है। ऐसे में हमेशा चलते समय पहले एड़ी फिर पंजा जमीन पर रखें। इससे आपके पैरों में दर्द नहीं होगा। ज्यादा देर तक हील्स पहनने से बचें और बीच-बीच में आराम करें। अगर आपको रोजाना हील्स पहननी है, तो 2-3 इंच की हील्स ज्यादा आरामदायक होंगी।

## रोजाना बाल धोना कितना सही, जानें इसके फायदे और नुकसान



आज-कल जिस हिसाब से प्रदूषण बढ़ रहा है, उसका सीधा असर लोगों की त्वचा और बालों पर दिखाई दे रहा है। ऐसे में लोग अपनी त्वचा का ध्यान तो रख लेते हैं, लेकिन परेशानी सामने आती है, जब बालों का ध्यान रखना पड़ता है।
अक्सर लोगों को लगता है कि बालों को रोजाना धोने से बाल साफ रहते हैं और मजबूत हो जाते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। यहां हम आपको बताएंगे कि रोजाना बाल धोना कितना सही है और इसके फायदे और नुकसान क्या है। इस लेख में हम आपको ये भी जानकारी देंगे कि किस टाइप के बाल वालों को हफ्ते में कितनी बार बाल धोने चाहिए।

**रोजाना बाल धोने के फायदे**

### स्कैल्प साफ रहता है

यदि आप बाल काफी ज्यादा ऑयली है तो आप बाल धो सकते हैं। ऑयली बालों को रोजाना धोने से गंदगी, तेल और डैंड्रफ से छुटकारा मिलता है। इसलिए बिना बोसे हर दिन बाल धोएं।

### स्टाइलिंग में आसानी

रोजाना बाल धोने से बाल ताजगी भरे और फ्रेश दिखते हैं। ये खासतौर पर उन लोगों के लिए अच्छा होता है जो जिम जाते हैं या ज्यादा बाहर रहते हैं। रोजाना शैंपू करने से बालों से अतिरिक्त तेल निकल जाता है, जिससे स्टाइलिंग करना आसान हो जाता है।

**रोजाना बाल धोने के नुकसान**

### नेचुरल ऑयल हट जाना


यदि आप रोजाना बाल धोते हैं तो बार-बार शैंपू करने से स्कैल्प का नेचुरल ऑयल खत्म हो सकता है, जिससे बाल रूखे और कमजोर हो सकते हैं। इसलिए अपने बालों से हिसाब से ही बाल धोने का फैसला लें। यदि आप गलत शैंपू से अपने बाल धोते हैं तो ज्यादा शैंपू करने से बाल ड्राई हो सकते हैं, जिससे उनका झड़ना बढ़ सकता है।

कार्नर न्यूज

गर्मियों में चेहरे को ठंडक देने के लिए एलोवेरा जेल, खीरे का रस, गुलाब जल, दही और चंदन जैसे प्राकृतिक उपाय इस्तेमाल किए जा सकते हैं। ये चीजें त्वचा को ठंडक देने के साथ-साथ हाइड्रेशन और ग्लो भी देती हैं। नियमित उपयोग से गर्मी में होने वाली जलन और रूखापन कम हो सकता है।
गर्मियों के मौसम में तेज धूप और गर्म हवा का असर हमारी त्वचा पर भी पड़ता है। इस वजह से कई लोगों को त्वचा में जलन, टैनिंग और रूखापन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आप कुछ आसान घरेलू नुस्खे अपनाएं तो आपकी त्वचा को ठंडक मिल सकती है और वह फ्रेश व ग्लोइंग बनी रह सकती है।
गर्मियों में त्वचा की देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। अगर आप नियमित रूप से इन आसान घरेलू नुस्खों को अपनाते हैं तो आपकी त्वचा को ठंडक मिलेगी और वह फ्रेश व ग्लोइंग बनी रह सकती है।

### मौसम का मिजाज देखते हुए अपनाएं जरूरी उपाय

## गर्मियों में चेहरे को ठंडक देने जानिए कुछ घरेलू नुस्खे, आपको तुरंत मिलेगा फ्रेश ग्लो



### खीरे का रस

खीरा त्वचा को ठंडक देने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। त्वचा को ठंडक देने के लिए खीरे का रस निकाल लें। इसे कॉटन से चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद धो लें। इससे स्किन को तुरंत ठंडक मिलती है।

### तरबूज का रस

तरबूज में पानी की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे त्वचा को हाइड्रेशन और ठंडक मिलती है। तरबूज का रस चेहरे पर लगाने से स्किन फ्रेश महसूस होती है।

### एलोवेरा जेल

एलोवेरा में मौजूद पोषक तत्व त्वचा को हाइड्रेट और ठंडक देते हैं। इसे लगाने के लिए ताजा एलोवेरा जेल निकालें। चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें। फिर 15 मिनट बाद धो लें।

### आइस क्यूब मसाज

आइस क्यूब से हल्की मसाज करने से त्वचा को तुरंत ठंडक मिलती है। लेकिन इसे सीधे स्किन पर लगाने की बजाय कपड़े में लपेटकर इस्तेमाल करना बेहतर होता है।

### गुलाब जल

गुलाब जल त्वचा के लिए एक प्राकृतिक कूलिंग टोनर की तरह काम करता है। इसे स्प्रे बोतल में भरकर दिन में 2–3 बार चेहरे पर लगा सकते हैं।

### चंदन पाउडर

चंदन का इस्तेमाल सदियों से त्वचा को ठंडक देने के लिए किया जाता है। चंदन पाउडर में गुलाब जल मिलाएं और इसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं।

### दही फेस पैक

गर्मी में दही का उपयोग करें। दही त्वचा को ठंडक देने के साथ-साथ टैनिंग कम करने में भी मदद करता है। इसके उपयोग के लिए एक चम्मच दही लें। उसमें थोड़ा शहद मिलाएं और 10 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। पर्याप्त पानी पीएं। इससे शरीर और स्किन हाइड्रेट रहती है। इसके अलावा माश्चराइजर और सनस्क्रीन का उपयोग जरूर करें। यह त्वचा को यूवी किरणों से बचाती है।

